
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

आवश्यकता है
मीडिया हाउस में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



## खास - खबर



### नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस हुई बेपटरी हादसे में मां-बेटी सहित चार की मौत, 70 से ज्यादा गंभीर

**बक्सर।** बुधवार देर रात को बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर के पास 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के बेपटरी हो गई। रात करीब साढ़े नौ बजे इस ट्रेन की सभी 24 बोगियां बेपटरी हो गई थीं। इनमें से आठ बोगियां पूरी तरह से गिर गई थीं। इन आठ में से दो बोगियां एक-दूसरे से टकराते हुए ढलान से नीचे गिर गईं। हादसे में मां-बेटी समेत चार की मौत हो गई है 70 यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं इस हादसे में करीब 200 यात्रियों को सामान्य चोट आई है।

हादसे की सूचना के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। वहीं रेल हादसे में मरने वालों में उषा भंडारी (33), उनकी पुत्री आकृति भंडारी (8) शामिल हैं। इनके अलावा किशनगंज निवासी अबु जाहिद (27) तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति की भी मौत हुई है। हादसे में घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद घटना स्थल पर राहत-बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला प्रशासन, रेल अधिकारी और स्थानीय लोग टीम के रूप में काम कर रहे हैं। रेलवे वार रूम ने भी काम शुरू कर दिया है।

रेलवे ने आधिकारिक तौर पर हताहतों की संख्या नहीं बताई है, लेकिन घटनास्थल पर राहत-बचाव में लगे कर्मियों ने बताया कि कई लोग घायल हैं और उन्हें इलाज के लिए तत्काल भेजा गया। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना पर दुख जताया और हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं इस हादसे के कारण रूट पर कई ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। रेलवे की टेक्निकल टीम ट्रैक मेंटेनेंस में लगी हुई है। वहीं रेलवे की अधिकारिक तौर पर कहा गया है कि जल्द ही रूट पर आवाजाही सामान्य कर दी जाएगी।

## वायरल सूची में दुर्ग जिले की 4 सीटों पर नए चेहरे

# क्या भाजपा की तरह कांग्रेस की सूची भी हो गई लीक!

### सोशल मीडिया में घूम रही कांग्रेस की सूची से कई बड़े नेताओं के नाम गायब

श्रीकंचनपथ न्यूज़



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशियों का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, इस बीच सोशल मीडिया पर कांग्रेस की एक सूची वायरल हो रही है। सूची में सभी 90 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम हैं। यदि वायरल सूची के आधार पर बात करें तो दुर्ग जिले की 6 में से 4 सीटों पर नए चेहरों को अवसर दिया गया है। कांग्रेस में आमतौर पर इस तरह के क्रांतिकारी कदम शायद ही उठाए जाते हैं। इसलिए ज्यादातर संभावना यही है कि यह सूची वास्तविक नहीं है। हालांकि इससे पहले जब भाजपा की सूची वायरल हुई थी, तब भी कुछ ऐसा ही कहा गया था। बाद में जब सूची आई तो उन्हीं प्रत्याशियों को टिकट दिया गया, जिनके नाम वायरल हुए थे। इसी आधार पर सवाल किए जा रहे हैं कि क्या भाजपा की ही तरह कांग्रेस की सूची भी वायरल हो गई है?

जो-जो नेता क्षेत्र में सक्रिय हैं, पार्टी उन्हें टिकट देने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस के एक शीर्षस्थ नेता की यह टिप्पणी इस ओर भी इशारा करती है कि सोशल मीडिया में आई सूची वास्तविकता से काफी दूर है। उक्त नेता की बातों पर यकीन करें तो दुर्ग शहर क्षेत्र में वर्तमान विधायक अरुण वोरा तैयारियों में काफी समय लगे हुए हैं। बताते हैं कि उन्हें ऊपर से हिंट मिल चुका है। इसी तरह वैशाली नगर क्षेत्र में इंद्रजीत सिंह छोटू के साथ स्थानीय संगठन खड़ा दिखता है। छोटू भी क्षेत्र में काफी समय से सक्रिय हैं। अहिवारा क्षेत्र में निर्मल कोसरे को हरी झंडी दिखाए जाने की खबर है। वहीं भिलाई में देवेन्द्र यादव की सक्रियता पूरे 5 सालों से बनी हुई है। ऐसे में कहा जा सकता है कि पार्टी की ओर से इन नेताओं को चुनाव की तैयारियां करने का आदेश मिल चुका है। लेकिन सोशल मीडिया में जो सूची वायरल हो रही है, उसमें इन चारों क्षेत्रों से नए चेहरों को मौका मिलना बताया गया है। दुर्ग शहर सीट से नगर निगम के सभापति राजेश यादव का नाम वायरल हो रहा है तो वैशाली नगर से दीपक दुबे का नाम अंकित है। इसी तरह अहिवारा से निर्मल कोसरे तो भिलाई नगर से जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर का नाम है। बाकी बची दो सीटों पाटन और दुर्ग ग्रामीण से क्रमशः भूपेश बघेल और ताम्रध्वज साहू के नाम हैं। कहा जा रहा है कि सीएम भूपेश, पूरे प्रदेश, खासकर दुर्ग जिले में युवाओं को तैयार कर रहे हैं। वायरल सूची को इस नजरिए से भी देखा जा रहा है।

### चक्रव्यूह तोड़ने में महारत



राजेश यादव छात्र राजनीति से ही कांग्रेस से जुड़े रहे हैं। उन्हें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का समर्थक माना जाता है। लम्बे समय के बाद उन्होंने भूपेश बघेल के कहने पर ही नगर निगम का चुनाव लड़ा था। वे महापौर पद के लिए प्रबल दावेदार थे, लेकिन स्थानीय स्तर पर राजनीतिक लामबंदी के चलते वे महापौर नहीं बन पाए। इसके बाद सभापति पद के लिए जब उनका नाम चला तब भी स्थानीय स्तर पर खूब लामबंदी हुई। हालांकि तब इस लामबंदी को तोड़ने में राजेश यादव कामयाब रहे। कांग्रेस ने जब टिकट की कवायद शुरू की तो सभापति राजेश यादव ने भी ब्लाक स्तर पर आवेदन किया था। भाजपा ने दुर्ग शहर सीट से गजेन्द्र यादव को प्रत्याशी बनाया है। जो पिछड़ा वर्ग से आते हैं। दुर्ग सीट पिछड़ा वर्ग बाहुल्य है। संभवतः इसीलिए कांग्रेस में राजेश यादव का नाम चर्चा में है। यादव को चक्रव्यूह तोड़ने में महारत है। यहां के कांग्रेस विधायक अरुण वोरा सामान्य वर्ग से आते हैं। कांग्रेस ने पिछले एक साल में कई स्तरों पर सर्वे करवाया था, जिसमें दुर्ग में कांग्रेस की स्थिति को अच्छा नहीं पाया गया था। उसी के बाद से यह चर्चा जोरों पर रही है कि पार्टी इस सीट पर नया चेहरा उतार सकती है। हालांकि विधायक अरुण वोरा के समर्थकों का दृढ़ विश्वास है कि टिकट उन्हें ही मिलेगी।

### प्रतिमा का नाम गुंडरदेही से



2018 के चुनाव में दुर्ग ग्रामीण सीट से प्रतिमा चंद्राकर को टिकट दे दी गई थी, लेकिन अंतिम समय में उनकी टिकट काटकर ताम्रध्वज साहू को प्रत्याशी बनाया गया। उसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें वरीयता दी, लेकिन प्रतिमा चंद्राकर चुनाव हार गईं। इस बार भी उन्हें किसी क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा थी। प्रतिमा चंद्राकर को सीएम भूपेश बघेल अपनी बहन मानते हैं। वे जिले की राजनीति के चाणक्य स्व. वासुदेव चंद्राकर की पुत्री हैं, जो सीएम बघेल के राजनीतिक गुरू रहे हैं। दुर्ग जिले में उनके लिए कहीं संभावना नहीं बन पाई। शायद इसीलिए वायरल सूची में उन्हें बालोद जिले की गुंडरदेही सीट से प्रत्याशी बताया गया है।

### गुरू के पलायन से बनी संभावना

अहिवारा सीट पर निर्मल कोसरे का नाम आने पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। वायरल सूची सही हो या न हो, लेकिन अहिवारा से निर्मल की टिकट तय है। इसकी सबसे प्रमुख वजह स्थानीय विधायक रुद्रकुमार गुरू का क्षेत्र से पलायन है। गुरू रूद्रकुमार ने संगठन के समक्ष अहिवारा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के प्रति अनिच्छा जाहिर की गई थी। इसकी बजाए उन्होंने बेमेतरा जिले की नवागढ़ सीट से आवेदन दिया था। ऐसे में कांग्रेस के पास स्थानीय स्तर पर कोई बड़ा नाम भी नहीं था। निर्मल कोसरे वर्तमान में भिलाई-3 चरोदा नगर निगम के महापौर हैं। उन्हें भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बेहद करीबी माना जाता है। भाजपा ने इस सीट से डोमनलाल कोर्सेवाड़ा को टिकट दी है। उनके मुकाबले निर्मल युवा हैं और सबसे बड़ी बात, क्षेत्र में उनका खासा जनाधार भी है।

अहिवारा के बाद बात भिलाई नगर की करें तो यहां का नेतृत्व युवा नेता देवेन्द्र यादव कर रहे हैं। वे सीएम भूपेश बघेल के सबसे करीबी लोगों में हैं। लेकिन कुछ तकनीकी कारणों के चलते पार्टी के समक्ष पसोपेश के हालात हैं। संभवतः यही कारण है कि इस सीट से वायरल सूची में मुकेश चंद्राकर का नाम आया है। बता दें कि मुकेश चंद्राकर को भी सीएम भूपेश के करीबी लोगों में शुमार किया जाता है। वे भिलाई जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और काफी समय से क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने में लगे हुए हैं। माना जा रहा है कि यदि देवेन्द्र यादव को किन्हीं कारणों से टिकट नहीं भी मिलती तो सरकार बनने की स्थिति में उन्हें निगम-मंडल में अडजस्ट किया जा सकता है।

### हमेशा निष्ठावान रहे दीपक



वैशाली नगर सीट से वायरल सूची में दीपक दुबे का नाम उल्लेखित है। साइंस कालेज दुर्ग का अध्यक्ष बनने के बाद दीपक दुबे का नाम अचानक छा गया था। उन्हें युवाओं का अपार समर्थन भी हासिल हुआ। कई बार वे टिकट के दावेदार भी बने, लेकिन हर बार उनकी उपेक्षा की गई। अपने राजनीतिक आका ज्योर्तिरादित्य सिंधिया के भाजपा में चले जाने के बाद दीपक दुबे और ज्यादा अलग-थलग पड़ गए। हालांकि उन्होंने कांग्रेस पार्टी का दामन नहीं छोड़ा और हमेशा पार्टी के प्रति निष्ठावान बने रहे। सिंधिया के जाने के बाद उनका राजनीतिक जीवन मंद पड़ा रहा, लेकिन युवाओं का समर्थन उन्हें लगातार हासिल रहा। प्रदेश में सरकार बनने के बाद उन्हें संगठन में अहम् पद दिए गए। दीपक दुबे सदैव स्थानीय राजनीति का शिकार होते रहे। कतिपय नेताओं की वजह से हर बार उनका रास्ता रोका गया। इस बार दीपक दुबे ने वैशाली नगर क्षेत्र से टिकट के लिए आवेदन किया था, क्योंकि दुर्ग शहर में कांग्रेस का ही विधायक है।

*(नोट : श्रीकंचनपथ समाचार पत्र वायरल सूची की पुष्टि नहीं करता। यह लेख सिर्फ वायरल सूची से उपजी संभावनाओं पर आधारित है।)*

# कांग्रेस के 35 विधायक पहली बार चुने गए, उनमें से ज्यादातर का विरोध

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची नवरात्र के पहले दिन यानी 15 अक्टूबर को जारी होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि इस सूची में कई विधायकों के टिकट काटे जा रहे हैं। इसी के बाद से कयासों का दौर सरगर्म है कि वे कौन से विधायक हैं, जिनके टिकट काटे जाने की तैयारी है? 2018 में पार्टी ने बड़ी संख्या में युवाओं को टिकट दी थी। इस चुनाव में कुल 68 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की, जिनमें से 35 विधायक पहली चुनकर विधानसभा पहुंचे। इनमें से ज्यादातर का उनके अपने क्षेत्रों में विरोध है। कांग्रेस ने भले की इस बार 75 प्लस का लक्ष्य निर्धारित किया है, लेकिन उसकी अपनी सर्वे रिपोर्ट में पार्टी को कम सीटें मिलने की संभावना जाहिर की गई है। यह तब, जबकि भूपेश बघेल की अगुवाई वाली सरकार ने कांग्रेस का जनाधार बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

इस विधानसभा चुनाव में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनकी वजह से कांग्रेस को नुकसान होने की संभावना है। इसमें सबसे प्रमुख मुद्दा शराब बंदी का है। भाजपा इस मुद्दे को काफी समय से भुनाने में जुटी है। उसका आरोप है कि अपने घोषणा-पत्र में कांग्रेस ने पूर्ण शराब बंदी का वायदा किया था, लेकिन पूरे प्रदेश में शराब की बिक्री सुनियोजित तरीके से बढ़ाई गई। आबकारी मंत्री स्वयं बार-बार कहते रहे हैं कि प्रदेश में शराब बंदी संभव नहीं है। सरकार भी कई मौकों पर इस मसले पर बचाव करती हुई नजर आई है। इसके अलावा संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण और कई अधूरे वायदे कांग्रेस के लिए सिरदर्द बन सकते हैं। भाजपा ने इस चुनाव में सीएम के लिए कोई चेहरा सामने नहीं किया है। इसका मूल कारण यह है कि पार्टी किसी प्रादेशिक नेता की बजाए प्रधानमंत्री मोदी का चेहरा सामने रखना चाहती है। दरअसल, मोदी फैक्टर भाजपा को प्रतिद्वंद्वी पार्टियों पर बढ़त दिलाता रहा है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी ैर सर्व आदिवासी समाज (आदिवासी संगठनों का समूह) भी चुनावी ताल ठोंक रहे हैं। इनके मैदान में उतरने से भी कांग्रेस के वोटबैंक में सेंध लगने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ में 2003 से 2018 के बीच 15 वर्षों तक शासन करने वाली बीजेपी को 2018 में हार का सामना करना पड़ा। सत्ता विरोधी लहर के कारण कांग्रेस ने 2018 विधानसभा चुनाव में भारी जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के पास वर्तमान में 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 72 सीटें हैं। पार्टी ने आगामी चुनावों में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार की किसान-आदिवासी और गरीब समर्थक योजनाओं के दम पर 75 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। सत्ताधारी दल मुख्यमंत्री बघेल की लोकप्रियता को भुनाने की कोशिश में है क्योंकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और ग्रामीण मतदाताओं पर उनकी अच्छी खासी पकड़ है। राजीव गांधी किसान न्याय और गोधन न्याय योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन, किसानों और ग्रामीण आबादी के लिए योजनाएं, बेरोजगारी भत्ता के अलावा समर्थन मूल्य पर बाजरा तथा विभिन्न वन उपज की खरीद कांग्रेस के पक्ष में मतदाताओं को आकर्षित कर सकती है। मुख्यमंत्री बघेल ने स्थानीय लोगों में अपनी लोकप्रियता बढ़ाते हुए अपनी छवि 'माटी पुत्र' के रूप में विकसित की है।





पिछले पांच वर्षों में पार्टी ने बूथ स्तर तक अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है। राजीव युवा मितान क्लब योजना से जुड़े करीब तीन लाख युवा, मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने में पार्टी की मदद कर सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य राज्य के युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ना, नेतृत्व कौशल विकसित करना और उन्हें उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना है। कांग्रेस ने 2018 के बाद छत्तीसगढ़ में पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल की और राज्य में अपनी मजबूती स्थिति का अहसास कराया। हालांकि कांग्रेस की राज्य इकाई में गुटबाजी और अंदरुनी कलह है। पिछले पांच वर्षों में, पार्टी में मुख्यमंत्री बघेल के धुर विरोधी टीएस सिंहदेव ने कई बार विद्रोह का झंडा उठाया। आखिरकार पार्टी को इस साल की शुरुआत में उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाकर संतुष्ट करना पड़ा। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के भी बघेल के साथ अच्छे संबंध नहीं थे। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। इन सबके बावजूद पार्टी में अंदरूनी कलह अभी भी बरकरार बताई जाती है।

बघेल सरकार राज्य में कोयला परिवहन, शराब बिक्री, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) कोष के दुरूपयोग और लोक सेवा आयोग भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रही है। वर्तमान शासन के दौरान राज्य में धर्मांतरण, सांप्रदायिक हिंसा और झड़पों की कुछ घटनाएं हुईं, जिससे विपक्षी दल भाजपा को कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाने का मौका मिला। पिछले लगभग पांच वर्षों में भाजपा, कांग्रेस पर प्रभावी हमला करने में विफल रही है। भाजपा में नेतृत्व का मुद्दा लगातार बना हुआ है। 2018 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष को तीन बार बदला और पिछले वर्ष विधानसभा में अपने नेता प्रतिपक्ष को भी बदल दिया। भाजपा ने रमन सिंह को भी लगभग दरकिनार कर दिया है, जो 2003 से 2018 के बीच मुख्यमंत्री रहे। इनके कार्यकाल में सरकार पर नागरिक आपूर्ति घोटाले और चिट फंड घोटाले के आरोप लगे। राज्य में कांग्रेस लगातार भाजपा पर निशाना साध रही है और दावा कर रही है कि उसके केंद्रीय नेतृत्व को राज्य में पार्टी के अग्रिम पंक्ति के नेताओं पर भरोसा नहीं है।

## रविंद्र कुमार अग्रवाल होंगे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के नए न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने भेजा प्रस्ताव

**बिलासपुर।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए भारत के राष्ट्रपति अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल के नाम की सिफारिश की है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से रवींद्र कुमार अग्रवाल को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की।



मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने सिफारिश के साथ सहमति व्यक्त की है। उच्च न्यायालय में पदोन्नति के लिए उपरोक्त उम्मीदवार की उपयुक्तता का पता लगाने के लिए, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के दो न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना से परामर्श किया है जो छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मामलों से परिचित हैं। एकमात्र परामर्शी-न्यायाधीश ने उम्मीदवार को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त पाया है। कॉलेजियम ने फाइल पर भारत सरकार द्वारा दी गई जानकारी पर विधिवत विचार किया है। परामर्शी-न्यायाधीश की राय का उचित सम्मान करते हुए, कॉलेजियम का विचार है कि रवींद्र कुमार अग्रवाल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त हैं।

## गेड़ी, गिल्ली डंडा छोड़ अब निशाने पर सीएम का कैंडी क्रश

श्रीकंचनपथ




चुनावी सीजन में भाजपा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को घेरने की हर कोशिश कर रही है। भाजपा मुख्यमंत्री के गिल्ली डंडा खेलने, गेड़ी चढ़ने की खिल्ली उड़ाती रही है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक को लेकर भी वह कांग्रेस सरकार पर हमला करती रही है। नया मुद्दा मुख्यमंत्री के कैंडीक्रश खेलने का है। भाजपा ने कहा कि भूपेश मान चुके हैं कि इस बार उनकी सरकार जा रही है। इसलिए टिकट वितरण का टेंशन छोड़कर वे कैंडी क्रश खेल रहे हैं। भूपेश ऐसे मौकों पर कहां चूकते हैं भला। उन्होंने ट्वीट (एक्स) कर दिया कि भाजपा को तो उनके होने पर ही ऐतराज है। अन्यान्य कार्यों की तरह वे कैंडी क्रश के भी उस्ताद हैं। उन्होंने इसमें भी एक ढीक-ढाक लेवल पार कर लिया है। वैसे बता दें कि कैंडी क्रश को एक ऐसा खेल माना जाता है जो मन को चुस्त दुरुस्त बनाता है। जब लोग ज्यादा तनाव में होते हैं तब कैंडी क्रश जैसे खेल उन्हें डिप्रेशन में जाने से बचा सकते हैं। यह दिमाग को तेज बनाता है। वैसे भी जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। जैसे दिन भर खेलने वाले बच्चे अकसर फेल हो जाते हैं, वैसे ही दिन-रात पढ़ने वाले बच्चे भी बोदा साबित होते हैं। दिन भर टेंशन लेने, चेहरे पर तनाव की लकीरें खींचकर फोटो खिंचवाने से तो अच्छा है कि एक ऐसा चेहरा लोगों को दिखाई दे जो हमेशा प्रफुल्लित रहता है। जो प्रत्येक वार पर पलटवार तो करता है पर चेहरे पर सदाबहार हंसी बनी रहती है। वैसे भी छत्तीसगढ़िया अल्प में संतुष्ट रहने वाले लोग हैं। उनके जीवन में सकारात्मकता अधिक है। जीवन जीने की कला में वे निपुण हैं। उन्हें किसी मोटिवेशन गुरू की भी जरूरत नहीं है। जीवन में सुख-दु:ख को छत्तीसगढ़िया सहज भाव से स्वीकार करता है। वह तो इसी बात से आह्लादित है कि उनका मुख्यमंत्री ठेठ छत्तीसगढ़िया है। टिकट वितरण जैसे छोटे-मोटे कार्यों का वो टेंशन नहीं लेते। उसके दिमाग में खाका बहुत पहले तैयार हो चुका है। जो लोग परीक्षा की तैयारी सत्र के आरंभ से शुरू कर देते हैं उन्हें परीक्षा के दौरान टेंशन नहीं होता। वो तब भी फिल्म देख सकते हैं, पार्टी कर सकते हैं जब परीक्षाएं सिर पर हों। वैसे भी भूपेश तो मोबाइल पर कैंडी क्रश खेलते पकड़े गए हैं। इसी साल त्रिपुरा में भाजपा विधायक जादब लाल नाथ मोबाइल पर पोर्न देखते हुए पकड़े गए। इससे पहले 2012 में कर्नाटक के सहकारिता राज्य मंत्री लक्ष्मण सावाडी और उनके मित्र महिला बाल विकास मंत्री सीसी पाटील विधानसभा सत्र के दौरान पोर्न देखते हुए पकड़े गए थे। जिस फोन पर वे पोर्न देख रहे थे वह विज्ञान एवं तकनीकी मंत्री कृष्णा पालेमार का था। तीनों को इस्तीफा देना पड़ा था। 2019 में पार्टी ने इसी लक्ष्मण को उपमुख्यमंत्री बनाया था। फुर्सत में मोबाइल पर कैंडी क्रश खेलना, सदन में बैठकर पोर्न देखने से तो अच्छा है।

हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

### भारत की रफ्तार

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अच्छे अनुमान हमें खुशी का मौका देते हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने विश्व आर्थिक अनुमान में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल पहले के अनुमान से कहीं अधिक तेजी से बढ़ेगी। साथ ही, इस साल और अगले साल भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वैसे, एक चिंताजनक अनुमान यह भी है कि विश्व स्तर पर महंगाई के चलते दुनिया में विकास दर थोड़ी धीमी रहेगी। यदि दुनिया महंगाई से प्रभावित रहने वाली है, तो जाहिर है कि तेज विकास के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था पर दबाव लगातार बना रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, भारत की साल 2023-24 में जीडीपी वृद्धि 6.3 प्रतिशत होगी। बहुतों को इस विकास दर पर आश्चर्य होगा, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं भी बहुत हैं। इसके बावजूद सच है कि भारत के विकास की रफ्तार आशाजनक है। इसी साल जून में समाप्त तिमाही में विकास दर में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई है। सबसे ज्यादा चिंता विश्व अर्थव्यवस्था को लेकर है। जब भारत की विकास दर तेज है, तब उसे विश्व स्तर पर ज्यादा समर्थन मिलना चाहिए। भारतीय उत्पादों की मांग बढ़नी चाहिए, भारतीय सेवाओं का विस्तार होना चाहिए, लेकिन जब विश्व की अन्य अर्थव्यवस्थाओं में गिरावट का क्रम रहेगा, तो जाहिर है कि भारत को भी अपनी तेजी का वांछित लाभ नहीं मिलेगा। अत: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान एक तरफ जहां खुशी देता है, वहीं दूसरी ओर, चिंता भी बढ़ा देता है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरींचास ने एक ब्लॉग में लिखा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था लंगड़ाकर चल रही है, तेज नहीं। मुद्रा कोष को आशा है कि 2023 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि महज तीन प्रतिशत रहेगी। अब विश्व की अर्थव्यवस्थाओं को समग्रता में देखा जाए, तो वे कोरोना से पहले के आंकड़ों को भी अभी नहीं छू पाई हैं। अर्थव्यवस्थाओं पर खतरे लगातार मंडरा रहे हैं और इन खतरों से निपटने के लिए जिस तरह की तैयारी विश्व स्तर पर दिखनी चाहिए, वह फिलहाल नदारद है। समग्रता में विश्व अर्थव्यवस्था की भलाई के लिए देशों को मिलकर सोचना होगा। अव्वल तो यह बात किसी से छिपी नहीं है कि रूस-यूक्रेन युद्ध ने यूरोप सहित दुनिया के अनेक देशों में तेल व ऊर्जा का संकट बढ़ाया है। अनेक अच्छी अर्थव्यवस्थाओं को कष्ट झेलने पड़े हैं। भारत ने भी किसी तरह से अपनी ऊर्जा जरूरतों को समझदारी से संभाला है, पर अब जब अरब क्षेत्र में युद्ध छिड़ गया है, तो चिंता बहुत ज्यादा बढ़ गई है। गौर करने की बात है कि दुनिया भर में एक तिहाई से ज्यादा तेल की आपूर्ति अरब देशों से ही होती है। ऐसे में, अगर आपूर्ति प्रभावित होती है, तो दुनिया भर में हाहाकार की स्थिति बन जाएगी। दुनिया के अनेक देश तेल की बढ़ती कीमतों से पहले ही परेशान हैं। इसलिए, अरब में छिड़े युद्ध को जल्द शांत करना होगा। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को युद्ध रोकने के लिए आगे आना पड़ेगा। मुद्रा कोष के अनुसार, 2024 में मुद्रास्फीति या महंगाई 5.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, पर ध्यान रहे, अरब क्षेत्र में युद्ध जारी रहा, तो महंगाई को थामना और मुश्किल हो जाएगा। खासकर भारत जैसे देश, जिनके पास अपना तेल नहीं है, मुश्किल में पड़ जाएंगे। अत: भारत को भी शांति के प्रयासों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। ग्लोबल साउथ या गरीब देशों को तो युद्ध के खिलाफ खड़े हो जाना चाहिए, इसी में सबका हित है।

> "मुद्रा कोष को आशा है कि 2023 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि महज तीन प्रतिशत रहेगी। अब विश्व की अर्थव्यवस्थाओं को समग्रता में देखा जाए, तो वे कोरोना से पहले के आंकड़ों को भी अभी नहीं छू पाई हैं। अर्थव्यवस्थाओं पर खतरे लगातार मंडरा रहे हैं और इन खतरों से निपटने के लिए जिस तरह की तैयारी विश्व स्तर पर दिखनी चाहिए, वह फिलहाल नदारद है।

## भटकी हुई पार्टी का एजेंडा

कांग्रेस कार्यसमिति ने जातीय अस्मिता की राजनीति में अपनी पार्टी का उद्धार देखने की राहुल गांधी की लाइन पर मुहर लगा दी है। पार्टी ने अब आधिकारिक रूप से वादा कर दिया है कि अगर वह सत्ता में आई तो राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराएगी। संभवत: पार्टी को यह उम्मीद होगी कि इस वादे से ओबीसी जातियां कांग्रेस के पीछे गोलबंद हो जाएंगी। जाहिरा तौर पर जातीय जनगणना की मांग ओबीसी राजनीति करने वाली यानी मंडलवादी पार्टियों की है। इसलिए कि अनुसूचित जाति और जातियों की गणना तो दशकीय जनगणना में होती ही रही है। विडंबना यह है कि ऐसी मांगों को अपनी सियासत के केंद्र में रखने के बावजूद मंडलवादी पार्टियों का आधार खिसकता गया है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी अपनी सोशल इंजीनियरिंग के जरिए पिछड़ी से लेकर दलित जातियों तक में अपनी पैठ गहरी करती गई है। इस लिहाज से मंडलवादी नारे एक्सपायर्ड दवा होकर रह गए हैं।

कांग्रेस को अब इसमें अपना उद्धार दिखता है, तो इसे पार्टी की भटकी सोच का संकेत ही माना जाएगा। भटकाव का आलम यह है कि एक तरफ पार्टी खुद पर मंडलवादी रंग चढ़ाने की होड़ में उतर गई है, उसी समय हरियाणा में पार्टी के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने ब्राह्मण सम्मेलन आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई, तो किसी ब्राह्मण को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। अब कांग्रेस के दो रूप देखकर कौन-सी जाति क्या संदेश ग्रहण करेगी? उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने कांशीराम की विरासत को हथियाने की मुहिम शुरू करने का फैसला किया है। वैसे भी जातीय सम्मेलनों का आयोजन कांशीराम की रणनीति का ही हिस्सा था। तो एक साथ कांग्रेस लोहियावादी/मंडलवादी, कांशीरामवादी और ब्राह्मणवादी सब बनने की फिराक में है। यह क्या बताता है? यही कि नदी की धारा में दिशा भटक चुका व्यक्ति जैसे हर तिनके का सहारा लेने की कोशिश करता है, कांग्रेस कुछ वैसे ही हाथ-पांव मार रही है। लेकिन तिनकों से किसी का बचाव होता नहीं है। चूंकि कांग्रेस अपने लिए विचारधारा आधारित पुख्ता सियासी नौका तैयार नहीं कर पाई है, इसलिए उसे भी तिनकों में ही सहारा दिख रहा है।

## भूटान से भी झटका?

भूटान के प्रधानमंत्री ने बताया है कि चीन के साथ भूटान की सीमा वार्ता अपने आखिरी दौर में है, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीमांकन संभव हो जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत चीन के साथ भूटान कुछ इलाकों की अदला-बदली भी कर सकता है। भूटान भारत को एक तगड़ा झटका देने की तैयारी में है। वहां के प्रधानमंत्री लोताय त्सेरिंग ने भारत के एक अंग्रेजी अखबार में एक ऐसी जानकारी दी, जिससे भारतीय विदेश नीति प्रतिष्ठान की नींद उड़ जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने जो ऐसी टिप्पणियां भी की हैं, जो भारत के नजरिए से चिंताजनक हैं। त्सेरिंग ने बताया कि चीन के साथ भूटान की सीमा वार्ता अपने आखिरी दौर में है, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीमांकन हो जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत चीन के साथ भूटान कुछ इलाकों की अदला-बदली भी कर सकता है। उनकी बातों से संकेत मिला कि भूटान दोकलाम के पास उस क्षेत्र को चीन को देने पर राजी हो जा सकता है, जो भारत-भूटान-चीन के ट्राइ-जंक्शन पर है। त्सेरिंग से जब चीन से चल रही वार्ता के बारे में भारत को भरोसे में लेने संबंधी सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि उनका देश किसी समस्या का हल इस तरह निकालना चाहता, जिससे एक दूसरा मसला खड़ा हो जाए। लेकिन इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि दोनों बड़े पड़ोसी देशों के साथ भूटान के ऐसे रिश्ते हैं, जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। भारत-भूटान संबंध की पृष्ठभूमि से परिचित किसी व्यक्ति के लिए यह टिप्पणी इसलिए चिंता का विषय होगी, क्योंकि इसके जरिए त्सेरिंग ने भारत और चीन दोनों के साथ भूटान रिश्ते को समान धरातल पर बता दिया।

> "यह समझना आवश्यक है कि साफहवा पाने का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता। इसके लिए न सिर्फलक्ष्य बनाने होंगे, बल्कि लगातार विश्लेषण करना होगा कि हमने क्या किया है और क्या नहीं? दिल्ली में वायु प्रदूषण से लड़ने के लिए तमाम तरह की कार्य-योजनाएं व नीतियां बनाई जा चुकी हैं। हमें इन कार्य-योजनाओं के उचित क्रियान्वयन के लिए सुसंगत तंत्र बनाना होगा।

# फिजा में फिर जहरीली हवा की दस्तक

प्रार्थना बोराह, पर्यावरणविद् व निदेशक, सीडीपी

तापमान गिरने के साथ ही दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण बढ़ने की खबरें सुर्खियों में हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई इलाकों की हवा खराब होने के बाद ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी 'ग्रैप' का पहला चरण लागू कर दिया गया है, जिसके तहत तमाम तरह की पाबंदियां आयद हो गई हैं। मिसाल के तौर पर, डीजल जेनरेटर का उपयोग सीमित कर दिया गया है, निर्माण-कार्यों में धूल कण कम करने के उपाय करने होंगे, सड़कों की सफाई मशीनों से होगी और उन पर छिड़काव किया जाएगा, पटाखों पर पूरी तरह से रोक होगी, खुले में कूड़े जलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी आदि। इसके कुछ सुखद तात्कालिक परिणाम सामने आए भी हैं, लेकिन सवाल यही पूछा जा रहा है कि क्यों हर साल ठंड बढ़ते ही दिल्ली की आबोहवा जहरीली हो जाती है?

इसकी कई वजहें हैं, मगर सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि प्रदूषण सिर्फ सर्दियों की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे साल की दिक्कत है, इसलिए महज ठंड में सुधार उपायों से इसका समाधान नहीं निकल सकता। वास्तव में, प्रतिकूल भौगोलिक दशा, विशेषकर गरमियों में धूल भरा मौसम दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ाते हैं। अपेक्षाकृत कम आर्द्रता के कारण यह स्थिति और बिगड़ जाती है, क्योंकि इससे सूक्ष्म कण और सघन हो जाते हैं। इसके अलावा, यहां नजदीकी इलाकों से वक्त-बेवक्त धूल भी उड़कर आती रहती है। चूंकि दिल्ली चारों तरफ से जमीन से घिरी है और यहां की हवा के पास क्षेत्र से बाहर निकलने के सीमित रास्ते हैं, इसलिए यहां दमघोंटू मौसमी परिस्थिति बन जाती है। फिर, आसपास के राज्यों में जलने वाली पराली भी इसको नुकसान पहुंचाती है। इस साल भी पराली जलनेका अंदेशा कायम है, हालांकि राजनीतिक जमात इसके समाधान का दावा लगातार करती रही है।



स्पष्ट है, दिल्ली का वायु प्रदूषण एक क्षेत्रीय मसला है और यह केंद्रशासित क्षेत्र अपने बूते इससे नहीं निपट सकता। यही कारण है कि दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण से निटपने के लिए स्थायी पैनल गठित करने के फैसले का स्वागत किया गया था। 'एयरशेड' पर काम किया जा सकता है, क्योंकि कई देश इस रणनीति का लाभ उठा चुके हैं।

दिल्ली के साथ दिक्कत प्रदूषण के स्रोत भी हैं। सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या और धूल कण वायु प्रदूषण के महत्वपूर्ण कारकों में शामिल हैं। आईआईटी, कानपुर द्वारा 2016 में किए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि पीएम 10 और पीएम 2.5 के महत्वपूर्ण स्रोतों में एक गाड़ियां हैं। 2022-23 के दिल्ली आर्थिक सर्वे के मुताबिक, दिल्ली की सड़कों पर साल 2021-22 में 79.18 लाख मोटरगाड़ियां थीं। बेशक 2020-21 की तुलना में यह करीब 35 फीसदी कम थी, क्योंकि सरकार ने 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से ज्यादा पुरानी पेट्रोल गाड़ियों को सड़कों पर उतरने से प्रतिबंधित कर दिया है, लेकिन वाहनों के बोझ से अब भी दिल्ली की सड़कें हांफ रही हैं। इससे सड़कों की धूल में भी लगातार इजाफा हो रहा है। रही-सही कसर यहां के उद्योग पूरे कर देते हैं।

आखिर इसमें सुधार के लिए क्या किया जा सकता है? सबसे पहले तो आबोहवा की गुणवत्ता का प्रबंधन इस तरह होना चाहिए कि वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों से मानव-स्वास्थ्य और समग्र पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यह सरकारी संस्थानों का काम है कि वे हवा की सेहत को समझते हुए, स्रोतों को बांटकर, वायु गुणवत्ता की निगरानी करके गुणवत्ता-लक्ष्य निर्धारित करें। इसके बाद प्रदूषण की रोकथाम के लिए और कार्बन-उत्सर्जन को नियंत्रित करने वाली तकनीकी को लागू करके विशेष रणनीति बनाए। इस प्रक्रिया में सरकार के सभी स्तरों को शामिल होना होगा, यानी इसमें जन-प्रतिनिधि, राष्ट्रीय एजेंसियां, औद्योगिक समूह, वैज्ञानिक व पर्यावरणविद तो होंगे ही, आम जनता भी शामिल रहेगी। इसी कारण इसे प्रभावी बनाने के लिए बहुत अधिक समन्वय की दरकार होगी।

यह समझना आवश्यक है कि साफहवा पाने का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता। इसके लिए न सिर्फ लक्ष्य बनाने होंगे, बल्कि लगातार विश्लेषण करना होगा कि हमने क्या किया है और क्या नहीं? दिल्ली में वायु प्रदूषण से लड़ने के लिए तमाम तरह की कार्य-योजनाएं व नीतियां बनाई जा चुकी हैं। हमें इन कार्य-योजनाओं के उचित क्रियान्वयन के लिए सुसंगत तंत्र बनाना होगा। हमें कार्य-योजनाओं का अध्ययन तो करना ही होगा, यह विश्लेषण भी आवश्यक है कि कौन से उपाय सबसे ज्यादा कारगर साबित हो रहे हैं और दीर्घकालिक रूप से उसे लागू करने के लिए किस तरह के प्रयास किए जा सकते हैं? लक्ष्य पूरे न होने पर जिम्मेदार लोगों को कठघरे में खड़ा करने की भी जरूरत होगी।

रही बात आम लोगों की, तो वायु प्रदूषण से बचने के लिए वे फेस मास्क या प्यूरीफायर का इस्तेमाल कर सकते हैं, मगर कोशिश ऐसी तमाम चीजों से बचने की होनी चाहिए, जो वायु प्रदूषण में योगदान देते हैं। वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए जीवनशैली में बदलाव जरूरी है। इसके लिए सार्वजनिक परिवहन का अधिकाधिक इस्तेमाल, साइकिल का उपयोग और कम दूरी को पैदल नापने की मानसिकता विकसित करनी होगी। दीपावली जैसे त्योहारों पर हमें शोर-शराबे से रोशनी की तरफ बढ़ना होगा, यानी आतिशबाजी से किनारा करके हरित त्योहार मनाना होगा, क्योंकि पटाखों के धुएं कई इंसानी जान पर भारी पड़ जाते हैं।

हमें खेती-किसानी के तरीके भी बदलने होंगे। टिकाऊ खेती को अपनाया जा सकता है, जिसमें रोपण चक्र को आगे बढ़ाने की जरूरत नहीं है और किसान खेतों को साफ करने की मजबूरी से बच जाते हैं। उल्लेखनीय है, खेतों को साफकरने के लिए ही पराली जलाई जाती है, जिसका नुकसान दिल्ली सहित उसके पड़ोसी राज्यों को होता है। टिकाऊ कृषि में किसी प्राकृतिक संसाधन को समाप्त किए बिना किसी विशिष्ट फसल में पर्याप्त उपज की जा सकती है। किसान चाहें, तो मिश्र फसलों की खेती भी कर सकते हैं।

जाहिर है, छोटी-छोटी चीजों का भी ख्याल रखना होगा। जहरीली हवा के नुकसान हैं, इसलिए राष्ट्रीय राजधानी ही नहीं, देश के किसी हिस्से को वायु प्रदूषण में नहीं झोंका जा सकता। उचित ही इस बार भी दिल्ली में ग्रीन दीपावली मनाने का आह्वान किया गया है। अब यह हम पर निर्भर करता है कि हम ऐसे दिशा-निर्देशों का कितनी संजीदगी से पालन करते हैं या इनकी धज्जियां उड़ाकर अपनी सेहत के खुद दुश्मन बन जाते हैं!

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# खेलों के जरिये भी हम सुधार सकते हैं अपना समाज

बीजू डोमिनिक, सीईओ, फाइनल माइल कंसल्टिंग

मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या के छह महीने हुए होंगे। मेक्सिको में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल चल रहे थे। 1968 के उस ओलंपिक में 200 मीटर की दौड़ में सोना जीतने वाले टॉमी स्मिथ व कांस्य विजेता जॉन कार्लोस अपने-अपने पदक लेने जब पोडियम पर आए, तो उनके पांवों में जूते नहीं थे। स्मिथ ने गले में काला दुपट्टा लपेट रखा था। जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रगान बजा, उन लोगों ने अपना सिर झुका लिया और दस्ताने वाली मुट्ठियां हवा में भींच लीं। उनका जूता न पहनना और पैरों के काले मोजे अफ्रीकी-अमेरिकी गरीबी का प्रतीक थे, जबकि दस्ताने अफ्रीकी-अमेरिकी ताकत व एकता का। स्मिथ और कार्लोस के उस 'ब्लैक पॉवर सैल्यूट' ने नागरिक अधिकार आंदोलन में एक नई ऊर्जा भरने का काम किया था। जाहिर है, खेल कई बार महज खेल तक सीमित नहीं रह जाता।

पिछले कुछ दिनों में यह देखकर खुशी हुई कि एशियाई खेलों के प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने इस आयोजन को खेल से परे भी विस्तार देने के लिए कई कदम उठाए। बेशक, खेल हरेक तरह के कारोबारी अवसर मुहैया कराते हैं, पर अमेरिकी ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेनिटा फिट्जगेराल्ड मोस्ले हमें याद दिलाती हैं कि 'हम सभी के भीतर एक एथलीट है, और खेल हमें बताता है कि हमारे भीतर एक नेता, रणनीतिकार, सहयोगी, प्रतियोगी और भी बहुत कुछ मौजूद है, जो बस सामने आने का इंतजार कर रहा है।' इस सच को समझते हुए क्या यह कहा जा सकता है कि खेल अपनी व्यावसायिक क्षमता से आगे बढ़कर सामाजिक बदलाव का भी वाहक बन सकता है?



सभी सफल सामाजिक आंदोलनों का मूल भावनात्मक ज्वार है। खेल भी पूरी तरह से भवनाओं से जुड़ा होता है। किसी गांव के दो स्कूलों के मुकाबले में भी भावनाएं जबर्दस्त उबाल मारती हैं। इस स्तर की भावनाएं बहुत कम क्षेत्रों में पैदा होती हैं। कई सफल सामाजिक आंदोलनों के अध्ययन से पता चला है कि उनकी ताकत बड़ी भीड़ नहीं, बल्कि चंद लोगों की एक छोटी-सी टुकड़ी होती है। असल में, जनसंचार माध्यमों से प्रसारित बयानों से शायद ही सड़कों की भीड़ प्रभावित होती है। उसे तो आमने-सामने की बात-मुलाकात आकर्षित करती है, जो अमूमन छोटे-छोटे समूह के लोग करते हैं। खेलों की टीमें भी छोटे समूहों से ही बनी होती हैं। सफल सामाजिक आंदोलन जैसे अलग-अलग पृष्ठभूमि और क्षमता के लोगों को एक साथ लाने में सक्षम होते हैं, खेल भी ऐसे ही हैं। व्यक्तिगत स्पर्द्धा हो या टीम प्रतियोगिता, तमाम खेल विधाओं की पहुंच दर्शकों तक होती है और समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने की क्षमता भी। हाल ही संपन्न हुए एशियाई खेलों में भारत के कस्बो-गांवों के कई खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। अब देश में क्रिकेट विश्व कप चल रहा है। खेल से पैदा होने वाली भावनात्मक ऊर्जा का प्रसार पूरे समाज में हो, इसके लिए जरूरी है कि इसका साफ मकसद हो। हर सफल सामाजिक आंदोलन में एक विरोधी चेहरा होता है, जिसे वह हराना चाहता है। तो, खेल को किस विरोधी से पार पाना होगा? मेरे विचार से वह चेहरा है, नशे की लत। यह समस्या इतनी गंभीर हो चली है कि ताकतवर अमेरिकी सरकार को भी अपने देश में इसकी गैर-कानूनी आपूर्ति को रोकने में बहुत सीमित सफलता मिल सकी है। खेल ड्रग्स की मांग को कुंद करने में खासे मददगार हो सकते हैं। अध्ययन बताते हैं, यदि नौजवानों को 23-24 वर्ष की उम्र तक नशे से दूर रखा जाए, तो उनमें आगे नशे की लत लगने की आशंका कम हो जाती है। स्कूल स्तर पर मुकाबलों को जीतने की भावनात्मक चाहत भी बच्चों को बुरी आदतों से दूर रखने में मददगार होती है।

कई अन्य अध्ययनों से यह भी पता चला है कि नौजवानों के नशे की तरफ बढ़ने का एक मुख्य कारण है, उनमें सामाजिक संबंधों का अभाव। खेल ऐसे तमाम संबंधों से जुड़े होते हैं। खेलों के जरिये नौजवानों का जरूरी सामाजिक रिश्ता बन सकता है, साथ ही, यह नशे की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक तीव्रता प्रदान करता है। तो, क्या खेलों के माध्यम से हमें सामाजिक व्यवहार बदलने, सामाजिक सुधार की ओर बढ़ना चाहिए? मेरा जवाब तो 'हां' है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पांच राज्यों के चुनाव क्यों खास, अंहम?

अजीत द्विवेदी

चुनाव आयोग ने पांच राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी है। इस बार भी आयोग ने एक दिन की बजाय पांच राज्यों के चुनाव को चार दिन में कराने का फैसला किया है। सात से 30 नवंबर के बीच मतदान होगा, जिसके लिए अक्टूबर के अंत में अधिसूचना जारी होगी। इस तरह चुनाव करीब सवा महीने चलेगा और नौ अक्टूबर से तीन दिसंबर तक करीब दो महीने आचार संहिता लगी रहेगी। सोचें, यही चुनाव आयोग पूरे देश में सारे चुनाव एक साथ कराने को तैयार रहता है! बहरहाल, इन चुनावों को लोकसभा चुनाव के लिए सेमीफाइनल कहा जा रहा है। हालांकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सेमीफाइनल जैसी कोई चीज नहीं होती है क्योंकि खेलों में सेमीफाइनल में हारने वाला फाइनल नहीं खेलता है जबकि राजनीति में सेमीफाइनल हारने वाला न सिर्फ फाइनल खेलता है, बल्कि कई बार जीत भी जाता है। जैसे ठीक पांच साल पहले इन्हीं पांच राज्यों में हुआ था।



2018 के विधानसभा चुनाव में इन पांचों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी हारी थी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तो उसने 15 साल की अपनी निर्बाध सत्ता गंवाई थी। दोनों राज्यों में भाजपा 2003 से राज में थी और 2018 में हार कर सत्ता से बाहर हुई थी। राजस्थान में हर पांच साल पर राज बदलने का रिवाज कायम रहा था। उत्तर भारत के हिंदी भाषी तीनों राज्यों में कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। उधर तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की पार्टी ने लगातार दूसरा चुनाव जीता था। कांग्रेस दूसरे तो भाजपा चौथे नंबर की पार्टी रही थी। मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की जीत हुई थी और कांग्रेस व भाजपा दोनों एक एक सीट जीत पाए थे।

सो, 2018 में इन राज्यों के चुनाव नतीजों का मतलब था कि सेमीफाइनल भाजपा बुरी तरह से हारी थी और कांग्रेस विजेता रही थी। लेकिन सिर्फ छह महीने बाद हुए 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूरे देश में बड़े बहुमत से जीती। इन पांच राज्यों में भी उसने शानदार जीत दर्ज की। राजस्थान में लोकसभा की सभी 25 सीटें उसने जीत ली। मध्यप्रदेश में भी वह सिर्फ एक सीट हारी और छत्तीसगढ़ में 11 में से नौ सीटें जीतीं, जहां विधानसभा में उसे 90 में से महज 15 सीटें मिली थीं। तेलंगाना में वह चार सीटों पर जीती। वहां विधायक से ज्यादा उसके सांसद जीते। इसलिए पांच राज्यों के चुनाव नतीजों का आकलन सेमीफाइनल या फाइनल के नजरिए से करना ठीक नहीं होगा। हालांकि ऐसा नहीं है कि चुनाव नतीजों का असर अगले साल के लोकसभा चुनाव पर नहीं होगा। निश्चित रूप से असर होगा। लेकिन अभी चुनाव घोषणा के बाद राजनीतिक विश्लेषण करते हुए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से बचना होगा।

बहरहाल, इन पांच राज्यों के चुनाव नतीजों का पहला असर धारणा पर होगा। अभी यह धारणा बनी हुई है कि 10 साल से केंद्र में सरकार चला रही भारतीय जनता पार्टी के लिए अगला चुनाव मुश्किल होने वाला है। यह धारणा 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी की वजह से है तो इस वजह से भी है कि विपक्षी पार्टियों ने 'इंडिया' नाम से अपना गठबंधन बनाया है और यह तय किया है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ हर सीट पर विपक्ष का भी एक ही उम्मीदवार होगा। यानी चुनाव को वन ऑन वन करना है। तभी भाजपा ने भी आगे बढ़ कर पुराने सहयोगियों को इकट्ठा करना शुरू किया है। उसने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के मुकाबले 38 पार्टियों के एनडीए की बैठक बुलाई, जिसमें सभी छोटे-बड़े नेताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद मिले। अगर भाजपा इन चुनावों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है तो यह धारणा और मजबूत होगी कि 'इंडिया' के मुकाबले एनडीए कमजोर है और लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुश्किल होगी। अगर भाजपा अच्छा प्रदर्शन करती है तो 'इंडिया' की और खास कर कांग्रेस की कमजोरी जाहिर होगी, जिसका असर विपक्षी गठबंधन पर पड़ेगा। विपक्षी पार्टियां कांग्रेस पर दबाव बनाएंगी और ज्यादा सीटों के लिए मोलभाव करेंगी। इससे लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन में फूट पड़ सकती है। हालांकि अगर कांग्रेस जीतती है तब भी कांग्रेस की ताकत बढ़ेगी और वह ज्यादा सीट पर लड़ना चाहेगी। उससे भी गठबंधन पर असर होगा। सो, कह सकते हैं कि इन पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के असर का आकलन दो तरह से होगा। पहला, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति एंटी इन्कम्बैंसी का और दूसरा, दोनों गठबंधनों की ताकत व भविष्य की संभावना का। गठबंधन की बात हो रही है तो यह समझना जरूरी है कि अभी इन पांचों राज्यों में 'इंडिया' या एनडीए गठबंधन चुनाव नहीं लड़ रहा है। तीन राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुकाबला मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस में है। तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति का मुकाबला कांग्रेस से है, जबकि भाजपा मुकाबले को त्रिकोणात्मक बनाने में लगी है। मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट को कोई चुनौती नहीं है। चुनाव की घोषणा के बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी या समाजवादी पार्टी से कोई तालमेल बनता है या नहीं यह देखने को बात होगी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634



श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### राज्य में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू

**रायपुर।** राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर और बैनर हटाने की कार्यवाही शुरू हो गई हैं। राज्य में इन दोनों तरह की संपत्तियों से 10 अक्टूबर तक कुल एक लाख 47 हजार 447 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से संबंधित एक लाख 14 हजार 320 और निजी संपत्तियों से संबंधित 33 हजार 127 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई है। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कुल एक लाख 91 हजार 700 प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें सार्वजनिक संपत्ति से संबंधित एक लाख 39 हजार 740 और निजी संपत्ति से संबंधित 51 हजार 960 प्रकरण शामिल हैं। सभी जिलों में जिला प्रशासन द्वारा इन्हें हटाने की कार्यवाही द्रुत गति से जारी है। अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग जिले में सरकारी और निजी संपत्तियों से बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग इत्यादि हटाने की 11 हजार 039, सुकमा में 1478, गरियाबंद में 5200, बेमेतरा में 2913, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 1223, बालोद में 13 हजार 578, जशपुर में 2461, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 373 और सरगुजा में 9881 कार्यवाही की गई हैं।

### 6-6 दिन की मिलेगी दशहरा, दिवाली व शीतलकालीन की छुट्टियां

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने दशहरा, दिवाली, शीतलकालीन तथा गीष्मकालीन छुट्टियों की घोषणा कर दी है। मंगलवार शाम जारी आदेश के अनुसार इस वर्ष दशहरा की छुट्टी 23 से 28 अक्टूबर तक, दिवाली की छुट्टी 11 से 16 नवंबर तक,शीतकालीन अवकाश 25 से 30 दिसंबर तक तो ग्रीष्मकालीन अवकाश एक मई से 15 जून तक रहेगी।

### बालिकाओं के साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को निखारने सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गरियाबंद।** कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा बालिकाओं की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कला प्रतिभा को निखारने हेतु गरियाबंद सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन चार चरणों में किया गया। विकासखण्ड स्तर से चुनकर आई सुपर गर्ल्स ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। आज गरियाबंद के शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले की स्कूली बच्चियों को पढ़ाई के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में अपने हुनर दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्कूली छात्राओं ने सात विधाओं वाद विवाद,गीत, कविता,भाषण,एकल नृत्य,वाद्य यंत्र एवं कराटे में अपनी हुनर का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कलेक्टर आकाश छिकारा एवं उनकी धर्मपत्नी मती पायल छिकारा ने शामिल होकर स्कूली बच्चियों की प्रतिभाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चियों के हुनर देखकर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ जिला स्तरीय में प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया।

# वंचित वर्गों की सहायता के लिए तत्पर रहें विद्यार्थी - राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन आज राजभवन में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह में अध्यक्ष के रूप में वर्चुअल तरीके से शामिल हुए। उन्होंने डिग्री प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करें, एवं समाज और राष्ट्र की निरंतर सेवा करें। उन्होंने विद्यार्थियों से वंचित वर्गो की सहायता करने और संविधान की भावना के अनुरूप उन्हें अधिकार दिलाने के लिए प्रयत्न करने की अपील की।

दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री रविशंकर, नीति आयोग के सदस्य डॉ.वी.के.सारस्वत, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो.उमेश कुमार मिश्रा, रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला उपस्थित थे। दीक्षांत समारोह में तीन प्रख्यात व्यक्तियों डॉ.वी.के.सारस्वत, श्री जे.एस राजपूत और श्री आशुतोष राणा को मानद उपाधि, 31 विद्यार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि, 36 को स्वर्ण पदक और 2664 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की गई।





राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्नातकों के रूप में, अब आप अभूतपूर्व परिवर्तन और चुनौतियों के समय, दुनिया में कदम रख रहे हैं। दुनिया तेजी से विकसित हो रही है, आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस, डेटा-माइनिंग और रोबोटिक्स में नई प्रौद्योगिकी हमारे जीवन और समाज को नया आकार दे रही है। यह अपार अवसरों का समय है, लेकिन गहन जिम्मेदारियों का भी। हरिचंदन ने कहा कि विद्यार्थी हमेशा नए विचारों को आत्मसात् करने के लिए तैयार रहें। दुनिया उन लोगों को पुरस्कृत करती है जो अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने और जोखिम लेने को तैयार हैं। नवाचार और रचनात्मकता को अपनाएं। शिक्षा एक विशेषाधिकार है, और इसके साथ हमारे समुदायों और समग्र विश्व की बेहतरी में योगदान देने की जिम्मेदारी भी आती है। महात्मा गांधी जी ने कहा था, आप खुद वह बदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।

जैसे-जैसे आप आगे बढ़ें, परिवर्तन लाने वाले, नेता और नवप्रवर्तक बनें जिनकी हमारे समाज को आवश्यकता है। समारोह में कुलपति ने स्वागत भाषण दिया। समारोह में राज्यपाल श्री हरिचंदन को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखो, विश्वविद्यालय के शासी निकाय एवं प्रबंधन मंडल के सदस्य, विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि श्री राजेश तिवारी, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद थे।

## नरहरपुर ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्रों का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया दौरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** विधानसभा चुनाव 2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के मतदाताओं की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने नरहरपुर विकासखण्ड के बीहड़ क्षेत्र में स्थित ग्राम झुलनातेंदू, रावस, छिंदखड़क और खल्लारी में जाकर इन ग्रामों की मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाने व विलोपित किए जाने की जानकारी ली। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों में ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने के लिए के बीएलओ को प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुक्ला आज दोपहर को बीहड़ जंगलों से होकर ग्राम झुलनातेंदू स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 229 पहुंचीं, जहां पर उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने आदि की जानकारी ली। इसके अलावा केन्द्र में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि वे मतदान करने पोलिंग बूथ में जरूर जाएं, क्योंकि इसी से स्वस्थ व स्वच्छ लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है। ग्राम के पटेल नेताम में कलेक्टर को आश्वस्त किया कि ग्रामीण वोट देने अवश्य आएंगे। उपरांत वे दुर्गम क्षेत्र में स्थित ग्राम रावस के पोलिंग बूथ क्रमांक 234 में जाकर बीएलओ से कहा कि जिस प्रकार उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में काफी मेहनत की, उसी तरह मतदान दिवस 07 नवम्बर को प्रत्येक वोटर्स को वोटिंग करने जरूर लेकर आएं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को सम्मानित किया।

# जिले के 96 उपार्जन केन्द्रों में होगी धान खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जन केन्द्र स्तर पर सही गुणवत्ता एवं पंजीकृत किसानों से धान खरीदी तथा मानिटरिंग के लिए जिले के 96 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हेतु नोडल अधिकारी एवं ट्रस्टेड पर्सन (विश्वसनीय व्यक्ति) नियुक्त किया है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी केन्द्र में किसान स्वयं उपस्थित होकर या नामिनी द्वारा उपस्थित होकर बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली के माध्यम से धान का विक्रय किया जाएगा।

इसके लिए किसान पंजीयन अवधि के दौरान किसान का एवं उनके एक नामिनी का आधार नंबर लिया जाएगा। कृषक एवं इनके द्वारा नामांकित नामिनी का बायोमीट्रिक्स ऑथेंटिकेशन असफल होने की स्थिति में धान खरीदी हेतु नियुक्त ट्रस्टेड पर्सन (विश्वसनीय व्यक्ति) द्वारा बायोमीट्रिक्स ऑथेंटिकेशन कर कृषक का धान क्रय किया जाएगा। नोडल अधिकारियों द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा। धान खरीदी अवधि में समय-समय पर उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण भी किया जाएगा। कलेक्टर डोमन सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत उपार्जन केन्द्र ढाबा एवं कन्हारपुरी के लिए मती रजनी सोनटेके, उपार्जन केन्द्र सोमनी एवं अंजोरा के लिए मती रीता ठाकुर, उपार्जन केन्द्र जोरातराई (म) एवं मनकी के लिए कृष्ण कुमार डेहरिया, उपार्जन केन्द्र सांकरा, सुरगी एवं भर्रेगांव के लिए याजवेन्द्र कटरे, उपार्जन केन्द्र रेंगाकठेरा के लिए पीके नाग, उपार्जन केन्द्र रानीतराई, सबंलपुर (नवीन), सिंघोला एवं करमतरा के लिए सु नैनवी राठौर, उपार्जन केन्द्र गठुला के लिए मती मोनिका भगत, उपार्जन केन्द्र भानपुरी एवं सुकुलदैहान के लिए मती तृप्ति कपूर, उपार्जन केन्द्र घुमका एवं भैसातरा के लिए भरत लाल उईके, उपार्जन केन्द्र कौहाकुडा एवं पटेवा के लिए आनंदराम जंघेल, उपार्जन केन्द्र मुरमुंदा एवं उपरवाह के लिए वैभव मण्डावी, उपार्जन केन्द्र पदुमतरा एवं डुमरडीहकला के लिए मती भावना यादव, उपार्जन केन्द्र बघेरा के लिए जितेन्द्र वर्मा को नोडल अधिकारी एवं ट्रस्टेड पर्सन बनाया गया है।

डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत उपार्जन केन्द्र तिलईरवार ऋषि पटेल, उपार्जन केन्द्र तेन्दुनाला के लिए शेखर हिरवानी, उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड एवं कोहका के लिए के गनवीर, खुर्सीपार एवं सोनेसरार के लिए प्रनेश शर्मा, उपार्जन केन्द्र किरगी के लिए बाबूलाल राना को नोडल अधिकारी एवं ट्रस्टेड पर्सन बनाया गया है। इसी तरह छुरिया विकासखंड अंतर्गत उपार्जन केन्द्र खुर्सीटिकुल, आमगांव मुकेश पडवार को नोडल अधिकारी एवं ट्रस्टेड पर्सन नियुक्त किया गया है।

# ई कॉमर्स नीति एवं नियमों का न होना व्यापारियों के लिए धीमे जहर की तरह - अमर पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट)ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को आज भेजे एक पत्र में ई कॉमर्स पालिसी तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नियमों को लागू करने में अत्यधिक देरी के लिए बेहद अफ़सोस व्यक्त करते हुए कहा की नीति एवं नियमों का अभाव देश के रिटेल व्यापार के लिए एक धीमी गति के ज़हर की तरह काम कर रहा हैं क्योंकि इस स्थिति का लाभ उठाकर विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों अमेज़न और फ़्लिपकार्ट को अपनी मनमानी करने का खुला मौक़ा मिला हुआ है जिसके चलते देश के छोटे व्यापारियों का व्यापार को सीधी खुली चोट पहुँच रही है।



कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा की देश की अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र के लिए नीति एवं नियम बने हुए हैं किंतु ई कॉमर्स एवं रिटेल व्यापार के लिए कोई नीति एवं नियम न होने के कारण से ई कॉमर्स व्यापार में अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा है और इसी कारण से देश भर में व्यापारी चाहते हुए भी ई कॉमर्स व्यापार से नहीं जुड़ रहे हैं क्योंकि जिस प्रकार का व्यापारिक वातावरण ई कॉमर्स में बना हुआ है उसके चलते व्यापारी विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों की मनमानी का मुक़ाबला कर ही नहीं पायेंगे।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा की हालाकीं श्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में डीपीआईआईटी तथा उपभोक्ता मंत्रालय दोनों ने ई कॉमर्स पालिसी एवं नियमों पर सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ अत्यंत व्यापक चर्चा की है जिसके फलस्वरूप गत 2 अगस्त को स्टेकहोल्डर्स के साथ हुई अंतिम मीटिंग में नीति एवं नियमों को जल्द घोषित करने का आश्वासन दिया था। किंतु 2 महीने बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है और देश भर के व्यापारी नीति एवं नियमों की आस लगाए बैठे हैं। इस अजीब स्तिथि का फ़ायदा उठाकर आमेजन एवं फ़्लिपकर्ट जैसी कंपनियाँ खुल कर एफ़्डीआई पालिसी का उल्लंघन कर रही हैं और उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है और इस कड़ी में सबसे पहले सीधे तौर पर मुख्य रूप से मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, एफ़्एमसीजी, किराना आदि अनेक व्यापार में लगे व्यापारी अपनी बर्बादी का तमाशा देख रहे हैं।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा की अमेजन एवं फ़्लिपकर्ट जैसी बड़ी कंपनियाँ अपने ई कॉमर्स पोर्टल कर अपने ही चहेते विक्रेताओं के नापाक गठजोड़ के ज़रिए ई कॉमर्स व्यापार को अपने क़ब्ज़े में लेने के षड्यंत्र में लगी हुई हैं जिससे देश के व्यापारियों का व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और धीरे धीरे उनके व्यापार में गिरावट आती जा रही हैं । इस व्यापारिक वातावरण में यदि तुरंत ई कॉमर्स पालिसी तथा नियम यदि तुरंत लागू नहीं किए गए तो देश का ई कॉमर्स व्यापार विदेशी कंपनियों के हाथों में चला जाएगा - कहा कैट ने ।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

जांजगीर-चांपा। भारत निर्वाचन आयोग और छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदान हेतु लोगो को जागरूक करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसके तहत आज जिले के विभिन्न स्कूलों में छात्र छात्राओं द्वारा शत् प्रतिशत मतदान हेतु ''कोसा कांसा कचन वोट करेगा जन-जन'' की थीम पर रैली निकाला गया एवं मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गई।


जिले में सभी नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के तहत रैली निकालकर लोगो को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत आज मतदाता जागरूकता एवं मतदान मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने और शत् प्रतिशत् मतदान करने हेतु रैली, रंगोली, मानव श्रृंखला, 80+ वृद्धजन मतदाता जागरूकता एवं सम्मान, पेंटिंग प्रतियोगिता, नववधु का सम्मान आदि के माध्मम से लोगो को प्रेरित किया गया। स्वीप अंतर्गत आज सभी सेक्टरों में विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ लिया गया।

# कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी- के प्रशिक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को निर्बाध संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझें। ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आई तो तत्काल उसका निराकरण आपके द्वारा किया जा सके। सभी प्रशिक्षाणार्थी ईवीएम और वीवीपेट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखे।

कलेक्टर श्री विजय शहर के विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी-1 के प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा ले रहे थे। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से पहली बार मतदान करवाने की संज्ञान लिया और उन्हें प्रशिक्षण में दी जा रही सभी नियमों का बेहतर ज्ञान रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों को फार्म-12 भरकर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य मे मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी फार्म-12 भरकर जरूर दें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप कार्यक्रम प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, रिटर्निंग अधिकारी ओपी वर्मा, भरत कौशिक, संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा, मनोज बंजारे, डिप्टी कलेक्टर एआर राणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों का प्रथम चरण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 11 एवं 12 अक्टूबर को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-1 को और 13 अक्टूबर को मतदान अधिकारी-2 एवं मतदान अधिकारी-3 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान दलों का प्रथम चरण प्रशिक्षण में नगर पालिक निगम जगदलपुर, नगर पंचायत बस्तर, जनपद पंचायत जगदलपुर और बस्तर के कुल 489 पीठासीन अधिकारी तथा 848 मतदान अधिकारी-1 को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं 12 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 01 बजे से जनपद पंचायत बकावंड, तोकापाल, दरभा, बास्तानार एवं लोहण्डीगुड़ा के कुल 432 पीठासीन अधिकारी और 562 मतदान अधिकारी-1 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 13 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 01 बजे से जनपद पंचायत तोकापाल, दरभा, बास्तानार, लोहण्डीगुड़ा, नगर पंचायत बस्तर, जनपद पंचायत बस्तर एवं बकावंड के कुल 667 मतदान अधिकारी-2 और 564 मतदान अधिकारी-3 को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके पश्चात 13 अक्टूबर को ही दोपहर 03 बजे से नगर पालिक निगम जगदलपुर तथा जनपद पंचायत जगदलपुर के कुल 254 मतदान अधिकारी-2 तथा 357 मतदान अधिकारी-3 को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### रद्द की गई 6 से अधिक ट्रेनें फिर से पटरी पर लौटी, यात्रियों को मिली राहत

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। लाजकुरा रेलवे स्टेशन में वर्तमान में स्थित वाई-कर्व को लजकुरा एवं ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशनो के मध्य एक नये लोकेशन पर परिवर्तित करने हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इसके कारण कुछ गाड़ियों को रद्द किया गया था। अब इनमें से कुछ ट्रेनों को बहाल कर दिया गया है।

17 व 18 अक्टूबर 2023 को टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 19 व 20 अक्टूबर 2023 को इतवारी से चलने वाली 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 16 व 17 अक्टूबर 2023 को टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 17 व 18 अक्टूबर 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। रायपुर से चलने वाली 08701 रायपुर-दुर्ग मेमू स्पेशल अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। दुर्ग से चलने वाली 08702 दुर्ग-रायपुर मेमू स्पेशल अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। इसके अलावा 02 नवंबर को विशाखापटनम से चलने वाली 18573 विशाखापटनम भगत की कोठी एक्सप्रेस, 1 नवंबर को पुरी से चलने वाली 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस, 30 एवं 31 अक्टूबर को बिलासपुर से चलने वाली 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस तथा 2 नवंबर को भगत की कोठी से चलने वाली 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस को भी बहाल कर दिया गया है।




### छात्रों ने सीखा मशरूम उत्पादन व प्रसंस्करण

**रायपुर ( ए )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के पौध रोग विभाग ने अखिल भारतीय समन्वित मशरूम अनुसंधान परियोजना अन्तर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय व प्रगति कालेज के संयुक्त तत्वावधान में 9 से 11 अक्टूबर तक मशरूम व स्पान उत्पादन पर प्रशिक्षण आयोजित किया। इसमें प्रगति कालेज के 25 विद्यार्थी शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों को मुख्य रूप से मशरूम बीज (स्पान) बनाने की तकनीक के विभिन्न चरणों का प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य में व्यावसायिक रूप से उगाय जाने वाले मशरूमों जैसे-आयस्टर, पैरा तथा दूधिया मशरूमों की उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन तथा मशरूम के प्रसंस्कृत उत्पादों का जीवन्त प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात् प्रतिभागियों ने 'स्वयं से करके देखों' पद्धति से मशरूम बीज, मशरूम उत्पादन, मशरूम प्रसंस्करण को पूरी तन्मयता से सीखा तथा मशरूम वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण सत्रों के दौरान अपनी जिज्ञासाओं को चर्चा कर संतुष्ट हुए। प्रशिक्षण के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रगति कालेज की प्राचार्या, सौम्या नैयर उपस्थित थी। कार्यक्रम के अन्त में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। तीन दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल कार्यान्वयन डॉ. एचके सिंग, मशरूम वैज्ञानिक तथा मार्गदर्शन पौध रोग विभाग के अन्य वैज्ञानिकों द्वारा किया गया।

# अग्रसेन जयंती प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को प्रतिभा दिखाने का मिलता है मंचः विजय अग्रवाल

**रायपुर।** अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन अग्रसेन धाम में किया जा रहा है यह भगवान अग्रसेन महाराज की 5177वीं जयंती है जो की 15 अक्टूबर 2023 को मनाई जानी है। जिसके तहत तहत 21 दिवस की कार्यक्रम मोहल्ला स्तर से शुरू हुए जिसके मुख्य कार्यक्रम अग्रसेन धाम में चालू है जिसमें आज के कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में सभी आयु के अगर बंधु महिलाएं युवती एवं युवा सम्मिलित हुए।

अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल महामंत्री मनमोहन अग्रवाल प्रचार-प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल प्रमोद जैन ने बताया कि आयोजित मेहंदी प्लॉटर सजाओ प्रतियोगिता में 19 मोहल्ला समिति के प्रथम विजेताओं ने भाग लिया साथ ही साथ ही गांव की गोरी शहर की छोरी प्रतियोगिता में एक्टिंग के द्वारा प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से तालिया बटोरी छोटे सेठ सेठानी में सभी प्रतियोगी ने वेश भूषा मैं अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की हमारी आस्था हमारी संस्कृति मैं रामायण महाभारत श्यामबाबा अग्रसेन महाराज जैसे धार्मिक कथा कहानियों पर प्रतभगियी ने नित्य नाटक की प्रस्तुति दी।




अग्र बंधु निर्देसिखा का चतुर्थ संस्करण का प्रकाशन प्रभारी कैलाश मुरारका संपादक विनय बजाज ने बताया की रायपुर शहर को 19 मोहल्ला समितियों के माध्यम से अग्र बंधु निर्देशिखा का प्रकाशन अग्रसेन जयंती के दिन किया जाएगा उपरोक्त निर्देशीखा लगभग 400 पेज की होगी।

संपूर्ण कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, जयंती प्रभारी मनीष अग्रवाल, कैलाश मुरारका, सतपाल जैन, योगी अग्रवाल, प्रमोद जैन, कमल अग्रवाल, माया मुरारका, ममता अग्रवाल, शिवांगी अग्रवाल, स्वाति तायल, राम अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, कर्तव्य अग्रवाल, राजेश हेलीवाल, किशन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, आनंद गोयल, गोपाल अग्रवाल, केशरीचंद अग्रवाल, संजय चौधरी, अशोक गोयल, कमल गुप्ता, शैलेश अग्रवाल, हेमंत मित्तल, राकेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या मैं अग्रबंधू उपस्थित थे।

अग्रसेन जयंती के संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अग्रवाल महिला मंडल युवती मंडल युवा मंडल की टीम लगातार लगी हुए है।

अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल जयंती प्रभारी मनीष अग्रवाल ने रायपुर सहर के सभी अग्र बंधु से अपील की है के सभी कार्यक्रम मैं ज्यादा से ज्यादा अग्र बंधु अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## कलेक्टर ने किया देशी-विदेशी मदिरा भंडागार, बॉटलिंग यूनिट का निरीक्षण

**रायपुर ( ए )।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बुधवार को विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में विभिन्न आबकारी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इसमें देशी मदिरा भंडागार गुढ़ियारी तथा विदशी मदिरा गोदाम शामिल थे। कलेक्टर डॉ. भुरे ने गोदाम में जाकर मदिरा के भंडारण स्थिति सुरक्षा आदि का निरीक्षण किया, साथ ही सीसीटीव्ही कैमरों और उनकी बैकअप क्षमता की जानकारी ली।

उन्होंने दोनो गोदाम के प्रभारियों को कहा कि पूरे निर्वाचन के दौरान सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करें, किसी भी प्रकार की गडबड़ी न होने पाए और रिकार्ड पंजी को हमेशा अद्यतन रखें। यह ध्यान रखें कि राजनैतिक दलों के प्रत्याशी से जुड़े कोई भी व्यक्ति परिसर में प्रवेश न करें न किसी प्रकार की हस्तक्षेप करें। गडबड़ी पाए जाने पर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर डॉ. भुरे ने सिलतरा स्थित सर्वेश्वरी बॉटलिंग एंड बेवरेस प्राईवेट लिमिटेड और कॉन्टीनेन्टल डिस्टिलरीज प्राईवेट लिमिटेड में बाटलिंग यूनिट, भराई व्यवस्था का निरीक्षण किया।



उन्होंने कहा कि पंजी अद्यतन संधारित करते रहें, सीसीटीव्ही कैमरें 24 घंटे सुचारू रूप से संचालित हो एवं इंटरनेट व्यवस्था बने रहे और विद्युत बाधित होने की स्थिति में कैमरें चालू रखने का इंतजाम करें। साथ ही हमेशा जीपीएस युक्त वाहनों में ही आपूर्ति करें।

## बस्सी ने लोगों को किया हंसी से लोटपोट

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में देश और दुनिया के मशहूर स्टैंड अप कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी ने रविवार की शाम अपने नाम की। उन्होंने राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में बैक टू बैक 2 शो किए, जिसमें रायपुराइट्स हंस-हंसकर लोटपोट हुए। बस्सी ने शो में पहुंचे हुए लोगो से भी बातों बातों में ही जमकर ठहाके भी लगवाए।

उन्होंने जहां अपनी प्रेम कहानी कहते हुए लोगों को खूब हंसाया, वही कई गंभीर बातें भी हंसते खेलते हुए कह गए। बस्सी के इस मेगा शो में तकरीबन 3000 लोगों के शामिल होने की बात कही जा रही है। राजधानी में ये पहला कॉमेडी शो था, जो हाउसफुल रहा। यह पूरा आयोजन रायपुर राउंड टेबल 317 ने किया।



बस्सी ने टीनएजर्स के बीच बातचीत को भी अपनी कॉमेडी का हिस्सा बनाया और उन्होंने बड़े खूबसूरत तरीके से इसे पेश करते हुए लोगों को जमकर हंसाया।

बस्सी ने कहा कि पति पत्नी के बीच किस तरह की बातचीत आजकल हो रही है यह भी आपको बताता हूं, एक समय आता है की पत्नी मैसेज का जवाब भी मैसेज से देती है। आप उन्हें मैसेज करेंगे कि सुबह 6:00 बजे उठाना है, तो वह सुबह 6:00 बजे मैसेज करके आपसे उल्टे पूछेंगे कि 6:00 बजे गए हैं उठा दूं क्या? लेट होने पर जब आप खुद ही उठकर यह सवाल करेंगे कि उठाया क्यों नहीं ? तब वह कहेंगी मैंने तो पूछा था लेकिन आपका रिप्लाई ही नहीं आया। इस तरह के कई किस्सों और बातों के साथ उन्होंने रायपुर में जमकर माहौल बनाया।

यह आयोजन रायपुर राउंड टेबल 317 की टीम में किया था। राउंड टेबल इंडिया की इकाई रायपुर राउंड टेबल 317 गरीब बच्चों के शिक्षा के लिए लगातार इस तरह के आयोजन करते आ रहा है। इसके पहले भी संस्थान द्वारा कई महत्वपूर्ण आयोजनों के माध्यम से फंड राइस किया गया था। जिसे गरीब बच्चों के स्कूलों के निर्माण के लिए डोनेट किया गया था।

## मोदी के संसदीय क्षेत्र के किसान 1300 रुपए क्विंटल में धान बेचने मजबूर- कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने धान खरीदी पर केंद्र पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसदीय क्षेत्र बनारस के किसानों को छत्तीसगढ़ के किसानों की तरह धान की कीमत 2500 प्रति क्विंटल नहीं मिल रहा है बल्कि बनारस के किसान अपनी धान को औने पौने दाम 1300 रु प्रति क्विंटल की दर पर बेचने मजबूर हैं। छत्तीसगढ़ आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के बड़े नेता प्रदेश में हो रही धान खरीदी का झूठा श्रेय लेने के लिए संगठित होकर झूठ बोलते है इसका पर्दाफास बनारस के किसानो के मायूस चेहरा से होता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों के उपज की खरीदी नही कर रही है। भाजपा के दोनों इंजन की सरकार किसानों के खिलाफ चल रही है किसानों को सिर्फलूट रही है। उत्तर प्रदेश ही नहीं मध्य प्रदेश गुजरात और हरियाणा सहित भाजपा शासित राज्यों में किसान खेती किसानी से दूर हो रहे है उपज की सही कीमत नही मिलने के चलते हताश परेशान है कर्ज में दबे हुये है। भाजपा शासित राज्यों में महंगी बिजली समय पर रासायनिक खाद नहीं मिलना और फसल की खरीदी नहीं होना किसानों के दुर्दशा के लिए जिम्मेदार है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान कांग्रेस सरकार अपने खुद के दम पर खरीदती है धान खरीदने में केन्द्र सरकार का एक पैसे का भी योगदान नहीं है। इस वर्ष भी कांग्रेस सरकार ने 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का लक्ष्य रखा है तथा इस वर्ष राज्य के किसानों से कांग्रेस सरकार 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदेगी।

## घर-घर जाकर लोगों को बताएं सरकार की योजनाएं : बृजमोहन

**रायपुर ( ए )।** बृजमोहन अग्रवाल ने संजय नगर वार्ड में 10 अक्टूबर को पार्षद निवास, मठपारा के विपिन बिहारी सूर वार्ड और पार्षद निवास टिकरापारा वार्ड में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया। बैठक में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि चुनावी युद्ध का आगाज हो चुका है, हमें अपनी जिम्मेदारी समझ कर उसे आगे बढ़ाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा की घर-घर पहुंच कर लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेनी है। उन्हें पार्टी की कार्ययोजनाओं के बारे में बताएं ताकि उन्हें सही जानकारी मिल सके। ताकि जनता जागरूक हो सके। तभी तो विस चुनाव में अपने मतदान का सही उपयोग कर पाएगी।

# विधानसभा आम निर्वाचन-2023: राज्य में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू

**10 अक्टूबर तक कुल 1.47 लाख से अधिक बैनर, पोस्टर और वॉल राइटिंग हटाए गए, इनमें 1.14 लाख से अधिक सार्वजनिक संपत्ति और 33 हजार 127 निजी संपत्ति शामिल**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर और बैनर हटाने की कार्यवाही शुरू हो गई हैं। राज्य में इन दोनों तरह की संपत्तियों से 10 अक्टूबर तक कुल एक लाख 47 हजार 447 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से संबंधित एक लाख 14 हजार 320 और निजी संपत्तियों से संबंधित 33 हजार 127 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई है।

राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कुल एक लाख 91 हजार 700 प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें सार्वजनिक संपत्ति से संबंधित एक लाख 39 हजार 740 और निजी संपत्ति से संबंधित 51 हजार 960 प्रकरण शामिल हैं। सभी जिला प्रशासन द्वारा इन्हें हटाने की कार्यवाही द्रूत गति से जारी है। अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग जिले में सरकारी और निजी संपत्तियों से बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग इत्यादि हटाने की 11 हजार 039, सुकमा में 1478, गरियाबंद में 5200, बेमेतरा में 2913, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 1223, बालोद में 13 हजार 578, जशपुर में 2461, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 373 और सरगुजा में 9881 कार्यवाही की गई हैं।




संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कुल 7977, रायगढ़ में 6052, सूरजपुर में 2172, कांकेर में 2016, बिलासपुर में 4305, दंतेवाड़ा में 491, महासमुंद में 6336, जांजगीर-चांपा में 4634, बस्तर में 488, कोरबा में 9106, कोण्डागांव में 9262, कबीरधाम में 1468, बीजापुर में 642, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 1401, राजनांदगांव में 1350, बलरामपुर-रामानुजगंज में 7432, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 2384, कोरिया में 615, नारायणपुर में 634, मुंगेली में 7789, सक्ती में 5245, धमतरी में 5464 और रायपुर में 12 हजार 038 संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर और बैनर हटाने की कार्यवाही 10 अक्टूबर तक की गई है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# कान की मालिश स्वास्थ्य के लिए है फायदेमंद

## यह है इससे मिलने वाले 5 प्रमुख लाभ

कान की मालिश को अंग्रेजी में ऑरिकुलर थेरेपी या ईयर रिफ्लेक्सोलॉजी कहते हैं। यह थेरेपी तनाव और थकान से राहत दिलाने में मदद करती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब आप मालिश करते हैं तो कान पर कुछ दबाव बिंदु सक्रिय हो जाते हैं। इसके अलावा कान की मालिश रोग संबंधी विकारों और शारीरिक बीमारियों से लड़ने में भी मदद करती है। चलिए आज हेल्थ टिप्स में कान की मालिश करने के 5 प्रमुख फायदे जानते हैं।



### मांसपेशियों के दर्द से दिलाता है राहत

अगर आपकी मांसपेशियों में दर्द है तो कान की मालिश करके इससे राहत मिल सकती है। इसके लिए अपने कान के लोब (नरम वाला हिस्सा) को धीरे से खींचें और अच्छे से रगड़ें। ऐसा करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और तांत्रिकाओं को तेज करने में मदद मिलती है। इससे शरीर में एंडोर्फिन नामक दर्द निवारक हार्मोन जारी होता है।

### सिर का दर्द होगा दूर

कई लोग सिरदर्द की समस्या होने पर दर्द निवारक दवाओं का सेवन करते हैं। हालांकि, सिरदर्द से राहत पाने के लिए कान की मालिश दवाओं से बेहतर तरीके से काम करता है। इस कारण अगली बार सिरदर्द होने पर अपने हाथों से आराम से कान की मालिश करें। इस समस्या से जल्द राहत पाने के लिए आप पुदीने की चाय भी पी सकते हैं।

### तनाव से मिलेगा आराम

भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण आजकल हर किसी की जिंदगी चिंता भरी और तनावपूर्ण बन गई है। ऐसे में हर कोई ज्यादा सोचने और तनाव जैसे मानसिक विकारों का शिकार बन चुका है, जिसके कारण पूरी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। हालांकि, कान की मालिश से इन मानसिक विकारों से भी राहत मिल सकती है। इसके लिए मालिश करते समय कान के हिस्सों में हल्के हाथों से दबाव डालें।

### वजन घटाने में है मददगार

कान की मालिश से वजन घटाना भी आसान हो जाता है। यकीनन आपको इस बात से थोड़ी हैरानी हो रही होगी, लेकिन अगर आप स्वस्थ भोजन और सक्रिया जीवनशैली का पालन करते हैं तो कान की मालिश वजन कम करने में मदद करती है। हालांकि, इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, लेकिन रिफ्लेक्सोलॉजी विशेषज्ञों का ऐसा मानना है कि यह थेरेपी वजन घटान में मददगार है।

### अनिद्रा का करें इलाज

किसी भी कारणवश देर रात तक जगे रहना या कुछ मानसिक बीमारियों के कारण भी नींद प्रभावित होती है। सोने की कोशिश करना और कोशिश के बाद भी नींद का न आना आदि शरीर को कई बीमारियों का घर बनाता है। हालांकि, कान की मालिश आपको अच्छी नींद लेने में मदद कर सकती है क्योंकि यह आपके दिमाग को शांत और आराम देती हैं, जिससे आपको सूकुन की नींद आ सकती है।

# मधुरिमा तुली सीख रही कथक, कहा- सीखने की कोई उम्र नहीं होती

**टीवी एक्ट्रेस मधुरिमा तुली शास्त्रीय कथक नृत्य सीख रही हैं। एक्ट्रेस ने कुछ कथक मूव्स करते हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया। रिलेक्स करने के साथ-साथ कुछ नया सीखने के हिस्से के रूप में, मधुरिमा ने शास्त्रीय नृत्य सीखने के बारे में कहा कि सीखना वास्तव में उम्र पर निर्भर नहीं है।**



चंद्रकांता फेम एक्ट्रेस ने कहा: मैंने हमेशा माना है कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। बचपन से ही, मैं डांस की शौकीन रही हूं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, जहां तक शास्त्रीय नृत्य का सवाल है, मैंने सबसे लंबे समय तक ओडिसी सीखी है और मुझे इससे पूरी तरह प्यार हो गया है। कथक भी लंबे समय तक चर्चा में रहा। मैं निश्चित रूप से और अधिक सीखने के लिए उत्सुक हूं। मधुरिमा के पास टीवी के साथ-साथ ओटीटी फॉर्मेट्स में प्रोजेक्ट्स है, और उन्होंने ड्रामा, रोमांस, पौराणिक कथाओं, थ्रिलर, सोप ओपेरा, एक्शन और अन्य विभिन्न शैलियों में काम किया है। टीवी में अपनी भूमिका के अलावा, एक्ट्रेस कुछ बॉलीवुड फिल्मों जैसे नाम शबाना, बेबी, हमारी अधूरी कहानी और यहां तक कि द ब्लैक प्रिंस जैसी इंटरनेशनल प्रोडक्शन का भी हिस्सा रही हैं। वेब सीरीज की बात करें तो एक्ट्रेस को मिलिट्री-एक्शन-ड्रामा सीरीज अवरोध: द सीज विदइन में देखा गया था।



# कहीं आप भी तो नहीं करती शेपवियर का इस्तेमाल, इसे रोजाना पहनने के हैं यह साइडइफेक्ट्स

महिलाएं शेपवियर पहनना काफी ज्यादा पसंद करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनने के बाद किसी भी साइज और शेप की महिला फिट एंड कॉन्फिडेंट दिखती हैं। आम बोलचाल की भाषा में यह कहना गलत नहीं होगा कि बॉडी को एक परफेक्ट शेप में दिखाने के लिए अक्सर महिला शेपवियर का इस्तेमाल करती है। स्लिमिंग बॉडी सूट से लेकर टमी कंट्रोल पैंटी तक का इस्तेमाल अक्सर महिला इसी वजह से करती है। हममें से कई ऐसी महिला हैं जो खुद को प्रेजेंटेबल बनाने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट दिखने के लिए शेपवियर का इस्तेमाल करती है। लेकिन बहुत सारी महिलाओं को यह पता नहीं है रोजाना शेपवियर पहनने से शरीर पर इसके कई सारे साइड इफेक्ट्स दिख सकते हैं।

### शेपवियर कैसे यूटीआई और यीस्ट इंफेक्शन का बनता है कारण

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि रोजाना शेपवियर का इस्तेमाल सेहत के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक है। हेल्थ एक्सपर्ट और डॉक्टर्स के मुताबिक यह यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन से लेकर यीस्ट इंफेक्शन तक का खतरा बना रहता है। आज हम इस आर्टिकल के जरिए इसे रोजाना पहनने के साइड इफेक्ट्स के बारे में जानेंगे।

### शेपवियर पहनने से हो सकती हैं महिलाओं को यह बीमारी

#### यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन

रोजाना शेपवियर पहनने से यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) होने का खतरा बढ़ सकता है। कपड़े के ज्यादा फिट होने के कारण यूरिनरी के पूरे फंक्शन पर दबाव पड़ सकता है। जिसके कारण यूरिनरी टैक्ट में बैक्टीरिया पनप सकता है। जिसकी वजह यूटीआई होने की संभावना बढ़ सकती है। कुछ शेपवियर पहनने से यूथेरा में जलन या असुविधा पैदा होती है। अगर आपको भी ऐसी दिक्कत हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें नहीं तो इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाएगा।

#### यीस्ट इंफेक्शन

शेपवियर जैसे टाइट-फिटिंग कपड़े पहनने से वजाइनल एरिया में जलन, गर्मी हो सकती है। जिसके कारण यीस्ट पनपने का खतरा बढ़ जाता है। इतनी टाइट फिटिंग कपड़ा पहने से आपको उस एरिया में खुजली और जलन हो सकती है। यदि आपको उस जगह पर खुजली हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

#### स्किन इंफेक्शन

बहुत अधिक टाइट शेपवियर पहनने से आपके स्किन पर इंफेक्शन हो सकता है। जिसके कारण स्किन पर जलन और इफेक्शन फैल सकता है। इसकी वजह से त्वचा पर कट या खरोंच भी आ सकते हैं। शेपवियर पहनने से आपको उस एरिया में लाल दाग और सूजन हो गया है तो आपको बचकर रहना चाहिए।

#### पीठ दर्द

हर दिन शेपवियर पहनने से आपके पेट और पीठ की मांसपेशियों पर अत्यधिक दबाव पड़ सकता है, जो समय के साथ पीठ दर्द और परेशानी का कारण बन सकता है। इसके अलावा बहुत अधिक टाइट शेपवियर वाले कपड़े आपकी मांसपेशियों को खींच सकते हैं और मांसपेशियों में ऐंठन पैदा कर सकते हैं जो आगे चलकर पीठ दर्द बढ़ा सकते हैं। यदि आपको शेपवियर पहनते समय पीठ दर्द या किसी तरह की असुविधा होती है। जो आगे जाकर गंभीर बीमारी बन सकती है।

#### पाचन संबंधी दिक्कतें

शेपवियर जैसे टाइट-फिटिंग कपड़े इंटरनल बॉडी पार्ट को सिकुड़ सकते हैं। साथ ही आपकी पाचन शक्ति को भी काफी हद तक प्रभावित कर सकती है। इससे आपको गैस, सूजन, ऐंठन और पेट खराब की समस्या हो सकती है। लंबे वक्त तक ज्यादा टाइट कपड़ा पहनने से पेट और आंत सिकुड़ सकते हैं। इससे आपकी ब्लड सर्कुलेशन भी काफी हद तक प्रभावित हो सकती है। इसलिए कोशिश करनी चाहिए ढीले-ढाले कपड़े पहनने की।

# बैकलेस आउटफिट में कबीर सिंह की हीरोइन ने लगाया बोल्डनेस का ओवरडोज तड़का

कबीर सिंह फेम निकिता दत्ता आए दिन अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक अंदाज सोशल मीडिया पर शेयर होते ही छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट स्टाइलिश अंदाज से फैंस को अपनी ओर रिझाना शुरू कर दिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपनी बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तबाही मचाई हुई हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वो बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। निकिता दत्ता ने इन तस्वीरों में फ्लोरल प्रिंट लुक में बैकलेस शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग और क्लासी नजर आ रही हैं। हालांकि फैंस भी उनके लुक्स को देखकर आहें भरते नहीं थक रहे हैं। निकिता दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। निकिता दत्ता की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- हॉट वहीं दूसरे ने लिखा है- अमेजिंग।



# नेहा धूपिया ने किया अपनी पहली वेब सीरीज का ऐलान

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा कि उनके आगामी प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित है। एक बयान में अभिनेत्री नेहा धूपिया ने मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने व्यक्तियों से साथियों और विशेषज्ञों दोनों से समर्थन लेने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चुप्पी के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। अभिनेत्री ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को तोड़ने लिए एक मंच प्रदान करने के परियोजना के इरादे पर प्रकाश डाला। नेहा ने कहा, इस महत्वपूर्ण मोड़ पर यह जरूरी है कि हम प्रस्तुत कहानी के माध्यम से इस मुद्दे को संबोधित करें। हमारा उद्देश्य सकारात्मक परिवर्तन लाना है और मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि यह परियोजना मानसिक स्वास्थ्य के आसपास अधिक से अधिक संवाद को प्रोत्साहित करेगी। मैं वास्तव में इस प्रयास का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं।

अनटाइटिल्ड परियोजना एक सम्मोहक यात्रा होने का वादा करती है जो मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की जटिलताओं का पता लगाती है, दर्शकों को प्रभावित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालती है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332



# कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा से सरकार बनाएगी- कुमारी सैलजा

## कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता से किए अपने सभी वादे पूरे किए गए

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा से सरकार बनाएगी। कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में 75 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता से जो वादे किए थे, वह सभी पूरे किए गए हैं। कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को अपने विकास का हिस्सा बनाया है।



नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है। आज हम लोगों के बीच अपना नारा- 'भरोसा बरकरार, फिर से कांग्रेस सरकार' लेकर जा रहे हैं। राहुल गांधी जी ने छत्तीसगढ़ में किसानों, आदिवासियों, भूमिहीन मजदूरों और गरीबों से जो वादा किया था, कांग्रेस सरकार ने उसे पूरा कर के दिखाया है। कांग्रेस पार्टी ने कभी झूठ की राजनीति नहीं की। राहुल गांधी जी जो कहते हैं वह कर के दिखाते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुमलेबाजी के अलावा कुछ नहीं करते।

जब प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ गए। वहां लोगों ने उनसे वादा मांगा कि नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण नहीं होगा, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा कोई वादा नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के समय बड़े-बड़े वायदे करते हैं, लेकिन बाद में सब बातों को भूल जाते हैं।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को कुछ ना कुछ दिया है। कांग्रेस सरकार लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। एक नवंबर से शुरू होने जा रही धान की खरीद पहले से ज्यादा होगी। कांग्रेस सरकार अब प्रति एकड़ पर 15 क्विंटल की बजाय 20 क्विंटल खरीद करेगी। छत्तीसगढ़ के किसानों को देश में धान की सबसे ज्यादा कीमत मिल रही है। कांग्रेस सरकार ने आंगनवाड़ी बहनों का भत्ता बढ़ाकर 10 हजार किया गया है। कर्मचारियों के हितों के लिए काम किया गया। आदिवासी क्षेत्र में 67 वन उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे हैं। आज देश में वन उपज का सबसे बड़ा हिस्सा छत्तीसगढ़ से आ रहा है। सरकार ने 10 लाख से अधिक लोगों को आवास देने का प्रबंध किया। नीति आयोग की रिपोर्ट खुद इस बात की गवाह है कि छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। कांग्रेस सरकार ने पौने दो लाख करोड़ रुपये जरूरतमंद वर्गों में बांटें हैं।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा केवल पिछड़े वर्ग के आरक्षण की लुभावनी बातें करती हैं, लेकिन जब कुछ देने की बात आती है तो पीछे हट जाती है। छत्तीसगढ़ में सर्वसम्मति से आरक्षण विधेयक पास हुआ था। कांग्रेस सरकार ने विधेयक में 76 प्रतिशत आरक्षण विभिन्न वर्गों को दिया था। विधेयक में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत आरक्षण, अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत आरक्षण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को चार प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। खुद राज्यपाल महोदया ने विधेयक पर दस्तखत करने की बात कही थी। उनका हस्ताक्षर करना तो दूर, राज्यपाल को ही बदल दिया गया। आज भी ये विधेयक लंबित है। भाजपा विधेयक को लागू नहीं होने दे रही। भाजपा नहीं चाहती है कि जिन लोगों का विकास में हिस्सा होना चाहिए, उन्हें हिस्सेदारी मिले।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को कांग्रेस पर भरोसा है। छत्तीसगढ़ में पिछली बार कांग्रेस के 68 विधायक बने थे, इस बाद उपचुनावों में कांग्रेस के तीन विधायक और बने। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी 75 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। शीघ्र ही कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी।

### कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

## निर्वाचन से संबंधित आदर्श आचार संहिता का पालन करने की दी गई जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। कार्यालय में आयोजित बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया तथा इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी उन्हें अवगत कराया गया।

बैठक में विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय के संबंध में आयोग के निर्देशों से भी उन्हें अवगत कराया गया। साथ ही राजनीतिक दलों को मतदान के दोनों चरणों में निर्वाचक नामावली में नाम जोड़े जाने की अंतिम तिथि की भी जानकारी दी गई। बैठक में राजनीतिक दलों को अनुपस्थित श्रेणी के मतदाता (80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता) के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर-घर जाकर अपनाई जाने वाली मतदान की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस बार आयोग द्वारा कानून में किए गए संशोधन के अनुसार निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को केवल सुविधा केंद्र पर ही मतदान करना अनिवार्य होगा। बैठक में राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय किए जाने की सीमा तथा इनके लेखों के संधारण के संबंध में आयोग के निर्देशों की भी जानकारी राजनीतिक दलों को दी गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि नरेंद्र मेश्राम, इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रतिनिधि रजनू नेताम, जनता जोगी कांग्रेस के प्रतिनिधि रोशन ठाकुर, सुक्कू सलाम, रघु मानिकपुरी, सी पी आ ई के अर्जुन दुग्गा, प्रमोद नैलवल, सहित, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मण्डावी, एसडीएम जितेंद्र कुमार कुर्रे, प्रदीप वैद्य, रामसिंह सोरी सहित सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## खास खबर

### युवा मतदाताओं को जागरूक करने शासकीय महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देश पर जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लगातार किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मती रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप अंतर्गत विधानसभा चुनाव में जिले के सभी वर्गो के मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का आयोजन जिला पंचायत सीईओ मती रीता यादव की उपस्थिति में शासकीय नवीन महाविद्यालय भाठीगढ एवं शासकीय फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय फिंगेश्वर में युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए युवा मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। स्वीप कार्यक्रम के तहत युवा मतदाताओं ने अपने विचार व्यक्त किया और बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान करने की बात कही।

### कलेक्टर मलिक ने दिया संदेश - मतदान आपका अधिकार है

**महासमुंद ।** जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अभिव्यक्ति एवं हस्ताक्षर जैसे कार्यक्रम शामिल है। आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कलेक्टर परिसर में एनआईसी कार्यालय के समीप हस्ताक्षर अभियान के तहत अपना संदेश लिखा। उन्होंने लिखा कि मतदान आपका अधिकार है इसे अवश्य उपयोग करें। इसी तरह जिला पंचायत सीईओ ने भी मतदाता जागरूकता अभियान का संदेश लिखकर हस्ताक्षर किया। जन सामान्य से लेकर मतदाता गण भी अपना संदेश लिखकर हस्ताक्षर कर रहें हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू ने भी मतदाता जागरूकता का संदेश लिखा। शिक्षक राजेन्द्र तारक ने लिखा कि चाहे नर हो या नारी मतदान है सबकी जिम्मेदारी। अभियान के तहत एक और जागरूक मतदाता ने लिखा है कि सभी कार्य छोड़कर मतदान अवश्य करें। इस दौरान कलेक्टर ने आज शाम 6:00 बजे निर्वाचन संबंधी विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्वाचन शाखा, मीडिया सेंटर, सी विजिल एवं कॉल सेंटर का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू एवं सृष्टि चंद्राकर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## बिना अनुमति पोस्टर लगाना,नारा लेखन प्रतिबंधित, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

### विज्ञापनों की होगी सतत मॉनीटरिंग, मीडिया मॉनिटरिंग समिति रखेगी नजर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने मुद्रकों, प्रकाशकों से कहा है कि निर्वाचन संबंधी पर्चों एवं पोस्टरों, रिकार्ड, पुस्तिका आदि में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम पता स्पष्ट दर्शाया जाना चाहिए तथा मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां और प्रकाशक के घोषणा पत्र की एक प्रति मुद्रण के तीन दिवस के अंदर कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर तथा एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित प्रारूप के साथ भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के तहत यह आवश्यक है तथा इसके उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उल्लंघन कर्ताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### बिना अनुमति पोस्टर लगाना, नारा लेखन प्रतिबंधित

कलेक्टर ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता लागू होने के साथ ही शासकीय खर्च से लगाये गये समस्त होर्डिंग व प्रचार सामाग्री हटाने की कार्यवाही जारी है। साथ ही साथ सार्वजनिक स्थानों पर लगाये गये समस्त प्रकार की प्रचार सामाग्री, फ्लेक्स, होर्डिंग को हटाये जाने की कार्यवाही जारी है। छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के अंतर्गत निर्वाचन प्रायोजन हेतु लाउड-स्पीकर या किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रात: 06 बजे के मध्य प्रतिबंधित रहेगा। शासकीय/गैर शासकीय व निजी भवनों में भवन मालिक के अनुमति के बिना प्रचार संबंधी नारा लेखन या पोस्टर लगाना प्रतिबंधित होगा।

### विज्ञापनों की होगी सतत मॉनीटरिंग

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिये भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार हेतु मापदंड की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज की मानिटरिंग की जायेगी। पेड न्यूज होने पर उसकी जानकारी समिति द्वारा रिटर्निंग आफिसर को दिया जायेगा। रिटर्निंग आफिसर द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जायेगा। जिले में गठित एमसीएमसी द्वारा इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, सोशल मीडिया, रेडियो आदि पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों की सत्त मानिटरिंग की जायेगी। विज्ञापन प्रकाशित होने पर जो भी खर्च है उसे अभ्यर्थी के खाते में जोड़ा जायेगा।

## सूर्या रोशनी के फेस्टिव लाइटिंग कलेक्शन से लायें खुशियां

### घरेलू उपकरणों की बड़ी श्रृंखला को उतारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सूर्या रोशनी लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील पाइप और पीवीसी पाइप के लिए भारत के सबसे जाने-माने और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक है और अपने कारोबार के 50वें वर्ष में कदम रख चुका है। भारत में लाइटिंग प्रोडक्ट्स के सबसे बड़े ब्रांड के रूप में पहचान बना चुका सूर्या रोशनी उद्योग जगत को सर्वश्रेष्ठ मानक देता रहा है।




यह शायद भारत की एकमात्र कंपनी है जिसने पिछली सदी में लाइटिंग प्रोडक्ट बनाने की प्रचलित उत्कृष्टता बनाए रखने में भारी निवेश किया था और अब इस सदी में बिजली बचाने की नई तकनीक और उत्कृष्ट एलईडी लाइटिंग के उत्पादन में निवेश कर रहा है। पिछले 7 वर्षों में सूर्या रोशनी एलईडी लाइटिंग भारी मात्रा में देश की बिजली बचाने में सफल रही है।

सूर्या रोशनी के सीईओ - लाइटिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जितेंद्र अग्रवाल के अनुसार - "सूर्या की टीम असाधारण रही है। मुझे इस पर गर्व है और मैं इसके काम-काज की सराहना करता हूँ। हमारी टीम ने अथक प्रयास, समर्पण और इनोवेशन के बल पर लाइटिंग और अप्लायंसेज़ की पूरी जानदार रेंज पेश की है। ये आने वाले त्योहारों की खुशियों में चार चांद लगा देंगे।"

त्योहारों का सीजन् पर उत्पादों की बड़ी श्रृंखला डिज़ाइन की है। इसके पीछे अनुसंधान एवं विकास पर सूर्या ने भारी निवेश किया है और इसकी मिसाल बन कर आपके सामने प्लैटिना एलईडी बल्ब है, जो कि न केवल कमरे के कोने-कोने को रोशन करता है, बल्कि बिजली बचत करने वाले इस प्रोडक्ट की लाइफ भी 25,000 घंटे (रेटिंग की शर्तों के तहत) है। बिजली बचत करने में बेमिसाल नए प्लैटिना के अतिरिक्त सूर्या अपने इनडोर और आउटडोर लाइटिंग प्रोडक्ट को अपना गौरव मानता है।

त्योहारों के इस सीजन् में अंदर की सजावट के लिए कम्पनी ने प्रोफाइल स्ट्रिप लाइट, स्लिम ट्रिम और शाइन नेक्स्ट डाउनलाइटर सहित उत्पादों का एक पूरा गुलदस्ता लॉन्च किया है; बाहर की सजावट भी शानदार हो इसके लिए कम्पनी ने जग मग स्ट्रिंग लाइट और स्पार्कल रोप लाइट लॉन्च किया है।

कंपनी के इनोवेशन उत्पाद में बीईई स्टार लेबल वाले पंखे लॉन्च किए हैं, जोकि न केवल प्रति पंखा प्रति वर्ष रु.1000 से रु.1800 (दैनिक उपयोग के 16 घंटे और मेट्रो ऊर्जा शुल्क) बचाते हैं, बल्कि घर की खूबसूरती भी बढ़ाते हैं।

कम्पनी कई नई चीजें पेश कर रही है जैसे कि राइस कुकर (इंडिकूक), जूसर मिक्सर ग्राइंडर (एस्पायर, गैलेक्सी-आई), हेवीवेट ड्राई आयरन (शक्ति प्लस, बोल्ट), इन्फ्रारेड और इंडक्शन कुकटॉप्स, और स्टोरेज और इंस्टेंट वॉटर हीटर (स्पीडी, इंस्टा हॉट - 5.5ली) की पूरी रेंज आदि।

## भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा के झूठ की श्रृंखला को ही आगे बढ़ाया - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को छत्तीसगढ़ में रोजगार के विषय पर आरोप लगाने का नैतिक अधिकार नहीं है। ये वही छत्तीसगढ़ है जो रमन राज में देश में सर्वाधिक बेरोजगारी दर वाला राज्य हुआ करता था। रमन सरकार के दौरान सितंबर 2018 में 22.2 प्रतिशत बेरोजगारी दर थी। भूपेश सरकार आने के बाद युवाओं को नौकरी और रोजगार की बेहतर अवसर मिले इसी का परिणाम है कि विगत 1 वर्ष से छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर आधा प्रतिशत से कम है और वर्तमान में छत्तीसगढ़ देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य है। छत्तीसगढ़ में सत्ता में रहने के दौरान भारतीय जनता पार्टी स्थानीय युवाओं के रोजगार के अधिकार को आउटसोर्सिंग करके बेचते रहे। भूपेश सरकार में एक लाख से अधिक पदों पर सरकारी विभागों में नियमित भर्ती हुई है, 5 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है तो भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को पीड़ा हो रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेता बताएं कि 2014 में मोदी जी ने वादा किया था हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का, 9 साल हो गए कितने रोजगार दिए? केंद्रीय विभागों, निगम, मंडलों, नवरत्न कंपनियों और सार्वजनिक उपक्रमों में लगभग 18 लाख पद रिक्त है उन पर भर्ती क्यों नहीं की जा रही है? यूपीएससी को बाईपास करके केंद्रीय सचिवालय में संयुक्त सचिव के पदों पर मोदी के मित्र, कार्पोरेट घरानों के कर्मचारियों की सीधी भर्ती करके देश के युवाओं के साथ अन्याय क्यों किया? देश के संसाधन, देश के सार्वजनिक उपक्रम, बैंक, बीमा, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बंदरगाह, नवरत्न कंपनियों को बेचकर देश के युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अवसर को बेचने के लिए केंद्र की मोदी सरकार और भाजपाई माफी कब मांगेंगे?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पीएससी एक संवैधानिक संस्था और स्वशासी निकाय है, प्रशासनिक सेवा की तैयारी करने वाले लाखों युवाओं के सपनों और उम्मीदों का केंद्र है। भाजपा के नेता केवल चुनावी लाभ के लिए तथ्यहीन आरोप लगाकर पीएससी की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहे हैं।

रमन सरकार के दौरान 15 साल में केवल 9 बार ही पीएससी की भर्ती हुई थी, 6 बार तो परीक्षा ही निरस्त कर दी गई, लगातार 3 साल जीरो ईयर रहा। रमन सरकार के दौरान ही 2007 की पीएससी भर्ती को लेकर उच्च न्यायालय ने कठोर कमेंट किये थे। भ्रष्टाचार और गड़बड़ी न्यायालय में साबित हुईं थीं। हर तरह के घपले घोटाले और षडयंत्रों को रमन सिंह का संरक्षण था अब जब पूरी पारदर्शिता बढ़ती जा रही है तो भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को अपने पुराने पास याद आ रहे हैं।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर किया गया आयोजन

**दंतेवाड़ा।** एकलव्य आदर्श आवासीय परिसर जावंगा में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर एकलव्य की काउंसलर, नेहा वर्मा ने भी बच्चों से चर्चा करते हुए उन्हें मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए किये जाने वाले प्रयासों के बारे में बताया। साथ ही यूनिसेफके जिला सलाहकार श्रुति प्रसाद ने इस प्रोग्राम में अपनी भावनाओं को बेहतर समझने और नियंत्रित करने के संबंध में टिप्स दिए।


















## खास-खबर



### सिलेंडर से भरे ट्रक ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर एक युवक की मौत, दो गंभीर

**कोरबा ( ए )।** नेशनल हाईवे में सिलेंडर से भरे ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना पाली थाना क्षेत्र के बनबांधा के पास की है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक युवक साथियों के साथ रकम आहरण करने बैंक आया हुआ था। काम निपटाने के बाद वे जड़गा गए थे और वापसी के दौरान दर्घटना के शिकार हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं घायलों को पाली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस वैधानिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

### 7 दिनों में अवैध खनन-परिवहन के 32 मामले दर्ज

**बलौदाबाजार ( ए )।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज विभाग ने पिछले 7 दिनों में अवैध उत्खनन व परिवहन के 32 प्रकरण दर्ज किए है। इनमे अवैध उत्खनन के 15 प्रकरण और अवैध परिवहन के 17 प्रकरण शामिल है। उक्त प्रकरणों में खनिज अधिनियम के तहत् कार्यवाही की गई है। जिसमें लगभग 8 लाख रूपये अर्थदंड की वसूली सहित 2 मामले जिनमें अवैध उत्खनन, परिवहन किये जाने की पुर्रावृत्ति पायी गई है। उनमें अवैध उत्खनन परिवहनकर्ता के विरूद्ध अधिकतम जुर्माना सहित 05 साल की सजा कराये जाने हेतु सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक अनुसंधान, जांच की जा रही है। इसी तरह ग्राम तुरमा में खनिज रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत पर खनिज विभाग के द्वारा देर रात 4 बजे तक कार्यवाही करते हुए अवैध उत्खनन में संलिप्त 13 ट्रेक्टरों को जब्त किया गया है।

### सहायक आरक्षक की हत्या करने वाले 2 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर ( ए )।** सुरक्षाबल के जवानों ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सहायक आरक्षक की हत्या में शामिल दो नक्सलियों को पकड़ा है, वहीं जगरगुंडा एरिया कमेटी के अंतर्गत डीएकेएमएस सदस्य ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान मंगलवार को कुटरू थाना व डीआरजी की संयुक्त पार्टी तेलीपेंटा व पाताकुटरू की तरफ निकली थी। अभियान के दौरान पाताकुटरू से 2 नक्सली मिलिशिया सदस्य मनोज हेमला (25) पाताकुटरू व सुखराम यादव (28) पाताकुटरू जिला बीजापुर को पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये नक्सली 20 जून 2023 को सहायक आरक्षक संजय बेडजा की हत्या करने की घटना में शामिल थे। पकड़े गए दोनों नक्सलियों के विरुद्ध कुटरू थाना में वैधानिक कार्रवाई के बाद बुधवार को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया।

वहीं दूसरी तरफ जगरगुंडा एरिया कमेटी के अंतर्गत डीएकेएमएस सदस्य देवा तामो उम्र 32 निवासी बेदरे तामोपारा थाना जगरगुंडा जिला सुकमा ने बुधवार को बीजापुर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय व अन्य पुलिस अफसरों के समक्ष नक्सलियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर व छग शासन की पुनर्वास व आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर दिया।

# सूचना देने में लापरवाही: 85 लाख रुपये का लगा जुर्माना जनसूचना अधिकारियों पर राज्य सूचना आयुक्त की कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के आयुक्त धनवेन्द्र जायसवाल ने आवेदकों को समय पर सूचना देने में लापरवाही बरतने और सूचना का अधिकार अधिनियम का समुचित क्रियान्वयन नहीं किए जाने पर पिछले ढाई साल में 3 हजार 836 प्रकरणों में कुल 85 लाख 37 हजार रुपये से अधिक का अर्थदण्ड सम्बंधित जनसूचना अधिकारियों पर लगाया है। राज्य सूचना आयुक्त के कोर्ट ने मार्च 2021 से लेकर इस साल के सितम्बर माह के दौरान पारित आदेश में यह जुर्माना लगाया है।

इन जनसूचना अधिकारियों में संयुक्त कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, खंड शिक्षा अधिकारी, खनिज अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, मेडिकल कॉलेज के जनसूचना अधिकारी एवं ग्राम पंचायतों के सचिव सहित अन्य शामिल है। इसी तरह प्रथम अपीलीय



अधिकारियों के विरुद्ध आयोग के द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा भी की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में ऑनलाइन सुनवाई की व्यवस्था

नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील और शिकायतों की सुनवाई के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की है। अपीलार्थी ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। सभी जिलों के कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम से सुनवाई की जाती है। इससे आवेदकों को रायपुर तक आने की जरूरत नहीं होती है। राज्य सूचना आयोग ने जून 2023 में मोबाइल से भी सुनवाई की शुरुआत की है। इसके माध्यम से अपीलार्थी, जनसूचना अधिकारी अपने मोबाइल से जुड़कर द्वितीय अपील की सुनवाई में शामिल हो रहे हैं।

## तेंदुए की खाल की तस्करी करते पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल अंतर्गत कुंवारपुर परिक्षेत्र में वन्यप्राणी तेंदुए की खाल की अवैध तस्करी करने के मामले में तीन आरोपियों को वन विभाग के उड़नदस्ता दल एवं वन कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने पकड़ा है। आरोपियों के पास से तेंदुए की खाल और तस्करी में इस्तेमाल बाइक को जब्त कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग के राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल क्राइम लाईफ कंट्रोल ब्यूरो रायपुर को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग कुंवारपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर में चांग माता मन्दिर मार्ग पर संदिग्ध हालत मे खड़े हैं। जिनके पास वन्य प्राणी तेंदुआ की खाल है और ये लोग इसे बेचने की फिराक में हैं।



सूचना मिलते ही उड़नदस्ता दल ने स्थानीय वन कर्मचारियों के सहयोग से कुंवारपुर परिक्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर परिसर के चांगदेवी माता मंदिर चौराहा के नजदीक सड़क पर बाइक के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़े मदन सिंह निवासी ग्राम खमरौध, पवन यादव ग्राम खमरोध, राजेन्द्र सिंह ग्राम भगवानपुर को पकड़ा गया। टीम द्वारा बाइक की जांच करने पर बाइक में वन्यप्राणी तेंदुए की खाल मिली है।

## प्रताडना से परेशान होकर नवविवाहिता ने दी थी जान, पति, सास और ननद गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली।** लोरमी थाना क्षेत्र के डोंगरिया गांव मे 24 सितंबर को एक नवविवाहिता का पंखे मे लटकता हुआ शव मिला था। पुलिस ने इस मामले में पति, सास और ननद को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। पुलिस ने 11 अक्टूबर को आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामले में उच्चधिकारियों के आदेश पर जांचकर्ता अधिकारी एसडीओपी माधुरी धिरही के द्वारा टीम गठित की गई। इसके बाद घटना में फरार आरोपियों 11 अक्टूबर को जिला कोरबा से गिरफ्तार किया गया। इसमें पति अविनाश सोनी (29), सास



विमला सोनी (57) और ननद आशा (25) निवासी डोंगरिया के शामिल है। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 304 बी, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

जानकारी के अनुसार, युवती की शादी चार दिसंबर 2022 को ग्राम डोंगरिया निवासी अविनाश सोनी के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी। पुलिस ने बताया कि विवाह के कुछ दिन बाद महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी प्रताडना से परेशान होकर अंजली सोनी 24 सितंबर की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## 55 लाख से ज्यादा की ठगी के 4 आरोपी उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** डीवी प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर की फोटो वाट्सएप में लगाकर सीएफओ से लाखों की ठगी करने वाले उत्तरप्रदेश के चार ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ठग ने इमरजेंसी बताकर ठगी की वारदात की थी। अज्ञात ठग ने दो बार में 55 लाख 55 हजार 311 रुपये की ठग लिए थे। ठगों ने महज एक घंटे में इस वारदात को अंजाम दिया था।

आरोपी देशभर में करोड़ों की ठगी कर चुके हैं। पुलिस ने प्रवीण ठाकुर निवासी ग्राम करन कुदरिया थाना मरसक जिला छपरा बिहार हाल पता बीजे रेसीडेंसी सेक्टर सदरपुर उत्तर प्रदेश, आदित्य कुमार शर्मा निवासी गोसिहाया थाना बढ़रिया जिला सिवान बिहार हाल पता बीजे रेसीडेंसी सदरपुर उत्तरप्रदेश, सलाउद्दीन शेख निवासी कोसांबी गोसाई जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश और धनंजय सिंह निवासी छत्रपुरा थाना भटपारी जिला देवरिया उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

तेलीबांधा थाने में डीवी प्रोजेक्ट लिमिटेड के सीएफओ सतीश कुमार सरावगी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। प्रार्थी ने बताया कि उसे कंपनी के खातों के संचालन के लिए अधिकृत किया गया है। प्रार्थी के नंबर में 14 सितंबर को वाट्सएप पर एक मैसेज आया है। इसमें कंपनी के डायरेक्टर दिनेश कुमार पटेल की फोटो लगी थी। मैसेज में कहा गया कि 25 लाख 90 हजार 609 रुपये अमन कुमार शर्मा के एकाउंट में आरटीजीएस के माध्यम से पैसे का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जिसके बाद बताए गए अकाउंट पर पहली किस्त में अमन कुमार के खाते में 25 लाख 90 हजार 609 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से खाते में डाल दिए गए। इसके बाद सैफुल हुसैन के खाते में 29 लाख 64 हजार 720 रुपये डाल दिए गए।





### इंटरनेट से निकालते हैं बड़ी-बड़ी कंपनियों की जानकारी

रिपोर्ट के बाद नंबर का तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही जिन खातों में रकम स्थानांतरित किए गए थे, उन खातों के संबंध में भी संबंधित बैंकों से दस्तावेज व जानकारी प्राप्त की। आरोपियों को उत्तर प्रदेश के नोएडा में लोकेट किया गया। आरोपितों द्वारा उपयोग किए गए वाट्सएप नंबर फर्जी होने के साथ ही बैंक खातों के पते भी दूसरे स्थानों के थे। मोबाइल नंबर और खातों का उपयोग सिर्फ और सिर्फ ठगी की वारदात को कारित करने के लिए किया गया था। इस बीच पतासाजी करते हुए प्रकरण में आरोपित प्रवीण ठाकुर एवं आदित्य कुमार शर्मा को नोएडा से गिरफ्तार करने में सफलता मिली। प्रवीण और आदित्य से उसके साथी सलाउद्दीन शेख, धनंजय सिंह, बिलाल अंसारी एवं फैयाज अंसारी के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ लाखों रुपये की ठगी की उक्त घटना को कारित करना बताया। जिसपर टीम ने सभी को गिरफ्तार किया। प्रकरण में संलिप्त आरोपित बिलाल अंसारी और फैयाज अंसारी उर्फ कामरान को मुंबई पुलिस द्वारा पूर्व में अपने प्रकरण में गिरफ्तार किया जा चुका है। इस प्रकरण में भी राययुर पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों की गिरफ्तार की जाएगी। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि वह इंटरनेट मीडिया से बड़े-बड़े लोगों की फोटो निकालते थे।

## क्रिप्टो करेंसी में 15 प्रतिशत का लाभ देने का झांसा देकर 90 लाख की ठगी

**रायपुर ( ए )।** कम समय में ज्यादा लाभ अर्जित करने के झांसे में आकर लोग लाखों रुपये गवां दे रहे हैं। ठग पहले मुलाकात करते हैं, फिर पैसे ऐंठते हैं। सप्ताहभर में तीन मामले प्रकाश में आए हैं, जिसमें 90 लाख रुपये की कुल ठगी शामिल है। आरोपित अब तक पुलिस की पहुंच से दूर हैं। ताजा मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है, जिसमें ठगों ने तीन महीने में आठ लाख 36 हजार 440 रुपये ठग लिए।

डीडी नगर थाने में मुकेश कुमार सोनी की पंजीबद्ध रिपोर्ट के अनुसार फरवरी 2023 में सुशील साहू द्वारा जूम एप में मिटिंग में क्विक ट्रेड टूडे एप से क्रिप्टो में निवेश करने का प्लान बताया गया। इसके बाद उसके कहने पर महादेव घाट रोड साई मंदिर के पीछे रायपुरा



स्थित सुशील साहू के कार्यालय गया, जहां पर सुशील साहू के मैनेजर अजय साहू ने बिटक्काइन माइनिंग से संबंधित एक सेटअप दिखाया। सेटअप के माध्यम से उनके द्वारा इथिरियम काइन का माइनिंग करना और माइनिंग से बहुत अधिक आय अर्जित कर अपने निवेशकों को लाभांश के रूप में कम से कम प्रतिमाह 15 प्रतिशत का लाभ देना बताया। मुकेश क्विक ट्रेड में निवेश करने के लिए सहमत हो गया।

फरवरी 2023 में सुशील साहू और मैनेजर अजय साहू द्वारा मोबाइल में एप इंस्टाल कर एक लाख तीन हजार रुपये निवेश कराया गया। इसमें कुल दो लाख 50 हजार रुपये निवेश करवाए गए। इसके बाद 60 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से भेजे गए। इस प्रकार सुशील साहू और उसके मैनेजर अजय द्वारा 8,36,440 रुपये निवेश कराया गया।

### होटल में रखी थी बैठक

सुशील साहू ने आठ मई 2023 को ओम कांपलेक्स, फाफाडीह रायपुर में बैठक आयोजित कर बुलाया। वहां एक ब्रोकर का संचालक उमेश पटेल पता अहमदाबाद गुजरात से मुलाकात करवाई गई। साथ ही उसके अन्य साथी जयप्रकाश सिंह निवासी भंडारा महाराष्ट्र के साथ ट्रेड को मैनेज कर निश्चित तौर पर लाभ अर्जित करने का आश्वासन भी दिया गया। राशि को ट्रेडिंग कर लाभ सहित पूरा मूलधन वापस किए जाने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद भी पैसे वापस नहीं किए गए।

## सिगरेट के विवाद में कॉलेज छात्र की हत्या

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में बुधवार की रात सरकंडा थाने के सामने कॉलेज स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कुछ छात्र अपने साथी का जन्मदिन मनाने के लिए निकले थे। इसी दौरान शराब पीने के बाद पान दुकानदार में अमित से उनका विवाद हो गया, जिस पर अमित ने युवक देवव्रत सिंह पर चाकू से हमला कर उसकी जान ले ली। ये घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के लैलूंगा निवासी देवव्रत सिंह पैकरा (22) साइंस कॉलेज में एमएससी का छात्र था। वह कॉलेज के पास किराए के रूम में रहता था। सीपत क्षेत्र का टेकर निवासी पंकज लास्कर उसका दोस्त है और वह सरकंडा थाने के सामने स्थित खेल परिसर में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी है।

बुधवार को देवव्रत और पंकज के एक दोस्त दीपक का जन्मदिन था। रात में 4-5 दोस्त मिलकर जन्मदिन मनाने के लिए मोपका गए थे। सभी ने वहां शराब पी, फिर तीन बाइक पर सवार होकर खेल परिसर पहुंचे, वहां भी दोस्तों के साथ उन्होंने शराब पी। इस दौरान पंकज ने देवव्रत और उसके एक अन्य दोस्त को सिगरेट लाने के लिए भेजा। रात करीब 9 बजे पान दुकान संचालक अमित यादव से उधार की सिगरेट लेने को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। इस दौरान देवव्रत और उसके दोस्तों ने पान दुकान संचालक अमित के साथ गाली-गलौज की, फिर उसकी पिटाई कर दी, जिसके बाद अमित ने अपनी दुकान बंद कर दी। फिर रात को अमित चाकू लेकर पंकज को खोजने लगा, तभी वहां उसे देवव्रत मिल गया। अमित उसके सीने को चाकू से गोद दिया, जिससे देवव्रत लहूलुहान होकर नीचे गिर गया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### लाउड स्पीकर के लिये सक्षम अधिकारी से लेने होंगे अनुमति

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम 1985 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) के उपयोग के संबंध में जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार चुनाव प्रचार सभाओं के आयोजन, सभाओं में लाउड स्पीकरों के उपयोग, प्रचार वाहनों में लाउड स्पीकर के उपयोग, जुलुस के मार्ग निर्धारण, जुलुस निकालने की अनुमति देने के संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली भिलाई के आशीष देवांगन को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया है। इनके लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर दीपक निकुंज होंगे। नियुक्त सक्षम अधिकारी अपने कार्यालय में अनुमति हेतु प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों की प्राप्ति पंजीबद्ध करेंगे तथा विषयांतर्गत अनुमति संलग्न प्रपत्र में प्रदान कर एवं निम्न शर्तों के अध्यधीन लाउड स्पीकर के उपयोग हेतु अनुमति प्रदान करेंगे। चुनाव प्रचार के लिए लाउड स्पीकर का उपयोग सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। सामान्यत: आमसभा, प्रचार, जुलूस के लिए लाउड स्पीकर का उपयोग कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा।

### प्लेट मिल में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल में स्वच्छता ही सेवा है को अधिकाधिक प्रभावी बनाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्लेट मिल के मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर हम गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक हो जायें तो स्वच्छता कार्यक्रम की आवश्यकता ही न हों। कार्यक्रम में सुरक्षा विभाग से विशेष रूप से उपस्थित महाप्रबंधक प्रभारी (एसईडी) एस के अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को बचपन से ही साफसफाई के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक के माध्यम से न सिर्फ अपने घर में बल्कि अपने आसपास एवं कार्यस्थल में भी स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया गया।

### स्वीप अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**दुर्ग।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत 11 अक्टूबर 2023 को स्वीप के नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग एवं स्वीप सहायक नोडल अधिकारी अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के निर्देशन में रैम्प पर स्वीप का जलवा कार्यक्रम सेन्ट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा में आयोजित किया गया। जिसमें स्वयं सिद्धा एवं सेन्ट थॉमस महाविद्यालय के नए मतदाता छात्राओं ने सहभागिता ली। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा गृहणिया, महिला डॉक्टर, शिक्षिकाएं, महाविद्यालयों से रिटायर्ड महिला प्राध्यापकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# भसीन का पुतला फूंकने और कांग्रेस मानसिकता वाले को दे दी टिकट, दुखी है भसीन की आत्मा!

## भाजपा के एक और कार्यकर्ता का छलका दर्द, कहा- शीर्ष नेतृत्व का निर्णय स्वीकार नहीं, सभी पदों से इस्तीफे का ऐलान

श्रीकंचनपथ न्यूज



### फेसबुक में इस्तीफे का ऐलान, फिर कहा अभी इंतजार करूंगा

फेसबुक लाइव के जरिए अपनी बातें खुलकर रखने वाले जेपी यादव ने अपने वीडियो में दायित्वाधीन सभी पदों से इस्तीफे का ऐलान किया, लेकिन जब श्रीकंचनपथ ने उनसे चर्चा की तो उन्होंने इस्तीफे को लेकर अभी इंतजार करने की बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि टिकट वितरण गलत हुआ है और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह असह्य है। कार्यकर्ता आहत हैं।

**भिलाई।** भाजपा में टिकट वितरण को लेकर कार्यकर्ताओं का असंतोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। पार्टी ने जिले की सभी 6 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर अपने पत्ते खोल दिए हैं, लेकिन जिले की एकमात्र वैशाली नगर सीट को लेकर बवाल मचा हुआ है। पार्टी ने यहां से रिकेश सेन को प्रत्याशी बनाया है। युवा भाजपा नेता जयप्रकाश यादव ने सोशल मीडिया फेसबुक के जरिए रिकेश का न केवल खुलकर विरोध किया है, बल्कि प्रदेश और शीर्ष नेतृत्व से पार्टी कैडर में से ही किसी को टिकट देने की भी वकालत की है। उनका साफ कहना है कि शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी कैडर की बजाए कांग्रेसी मानसिकता वाले व्यक्ति को टिकट दी है, जिसने कभी स्थानीय विधायक स्व. विद्यारतन भसीन का पुतला फूंका था। स्व. भसीन की आत्मा भी इससे दुखी होगी।

भिलाई जिला भाजपा के मंत्री, मीडिया विभाग के प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता (टीवी पैनलिस्ट) और बूथ सशक्तिकरण अभियान के जिला प्रभारी जयप्रकाश यादव ने फेसबुक लाइव के जरिए अपनी भडास निकाली है। भिलाई के सबसे बड़े वार्ड से पार्षद रह चुके यादव ने कहा कि रिकेश सेन को टिकट देने से कार्यकर्ताओं में मायूसी और निराशा का वातावरण है।

रिकेश सेन का पार्टी की रीति-नीति और सिद्धांतों से कोई वास्ता नहीं है। उसने आज तक कांग्रेस से सांठगांठ कर अपनी राजनीतिक यात्रा की है। भाजपा से उसका कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे व्यक्ति को टिकट देने से कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई है। जेपी यादव ने कहा कि 1 अक्टूबर को जब भाजपा की दूसरी सूची लीक हुई थी, तब वैशाली नगर क्षेत्र से रिकेश सेन का नाम देखकर बूथ से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया था। कार्यकर्ताओं ने 1 से 9 तारीख तक लगातार प्रदेश और शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया कि यह व्यक्ति (रिकेश सेन) भाजपा कैडर का नहीं है। कार्यकर्ताओं का साफ कहना था कि हमें ऐसा प्रत्याशी नहीं चाहिए। मंडल अध्यक्षों ने भी अपने इस्तीफे की पेशकश की थी। जिला पदाधिकारियों से लेकर बूथ कार्यकर्ताओं, पार्षद और यहां तक कि छाया पार्षदों ने भी लगातार विरोध किया। बावजूद इसके शीर्ष नेतृत्व ने दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रिकेश सेन को प्रत्याशी घोषित कर दिया। जेपी यादव ने सवाल किया कि क्या पार्टी को इतने बड़े वैशाली नगर क्षेत्र में एक भी योग्य कार्यकर्ता नहीं दिखा? उन्होंने कहा कि यदि वरिष्ठ नेताओं को टिकट देनी थी तो क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता शंकरलाल देवांगन, विजय तिवारी या जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, राकेश पाण्डेय को प्रत्याशी बनाया जा सकता था, लेकिन शीर्ष नेतृत्व को ये नाम नजर ही नहीं आए। यदि युवाओं को अवसर देना था तो यहां युवाओं की लम्बी फौज विद्यमान है। इनमें महेश वर्मा, भोजराज सिन्हा, अमित मिश्रा और कांग्रेस के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद करने वाले पीयूष मिश्रा के साथ ही नामों की लम्बी फेहरिश्त है। यदि महिलाओं की बात थी तो मिथिला खिचरिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक समेत और भी कई नाम थे, जिन्हें अवसर दिया जा सकता था। ऐसे कार्यकर्ताओं में से किसी को टिकट दी जाती तो प्रत्येक कार्यकर्ता को यह स्वीकार होता, लेकिन दुर्भाग्य है कि कांग्रेस विचारधारा वाले व्यक्ति को प्रत्याशी बना दिया गया, जिससे कार्यकर्ता दुखी हैं। यादव ने कहा कि स्व. विद्यारतन भसीन भिलाई के महापौर, 2 बार विधायक रहे। उनके घर के सामने से रिकेश सेन ने स्व. भसीन की अर्थी निकाली, उनका पुतला जलाया और उन्हें बदनाम करने की नीयत से जहर सेवन करने जैसी नौटंकी भी की। स्वयं भसीन यह वाकया सुनाकर दुखी होते थे कि पार्टी में कैसे लोग आ गए हैं। अब ऐसे ही व्यक्ति को उम्मीदवार बनाए जाने से स्व. भसीन की आत्मा भी रो रही है। भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता तो दुखी है हीं। जेपी यादव ने बताया कि उनके पास पार्टी के अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं, पार्षदों, छाया पार्षदों से लेकर संघ के कई नेताओं के फोन आए। सर्व समाज के लोगों से भी बात हुई। सभी ने कहा है कि वैशाली नगर में टिकट वितरण गलत हुआ है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व से बी फार्म बदलने का आह्वान करते हुए कहा कि योग्य कार्यकर्ता को अवसर देने से भाजपा की यह सीट पार्टी की ही झोली में रहेगी। जेपी यादव ने ऐलान किया कि वे भाजपा की ओर से नामांकन दाखिल करेंगे और बी फार्म का इंतजार करेंगे।

यदि बी फार्म आया तो ठीक अन्यथा वे चुनाव समर में कूदेंगे और दुखी कार्यकर्ताओं के सहयोग से चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब है कि वैशाली नगर क्षेत्र में टिकट वितरण को लेकर संघ के पुराने कार्यकर्ता और भाजपा नेता डॉ. दीप चटर्जी ने भी पीएम मोदी को सम्बोधित कर टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी में उन्होंने पीएम मोदी से कहा था कि वे अब चुनावी दौरे पर छत्तीसगढ़ न आएं, क्योंकि पार्टी का चाल, चरित्र और चेहरा बदल चुका है।

# जल प्रबंधन विभाग में स्वच्छता कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जल प्रबंधन विभाग में भारत सरकार की मुहिम 'स्वच्छता ही सेवा है' के तहत स्वच्छता के प्रति मनुष्य की जिम्मेदारी को अधिकाधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी ने अपने उदबोधन में कहा कि अपने घर से लेकर कार्यस्थल तक साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता की आवश्यकता सर्वोपरि है। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल किया जाना चाहिए।

जल प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने सभी कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने घरों में गंदगी की अच्छे से सफाई कर, सूखा कचरा एवं गीला कचरा को अलग-अलग कर रखने की आदत डालनी चाहिए जिससे कचरे का सही निष्पादन किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इसके पष्चात सभी ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का



संदेश दिया। स्वच्छता कार्यक्रम में विषेष रूप से महाप्रबंधक जे पी सिंह, महाप्रबंधक प्रीतपाल सिंह, महाप्रबंधक संजय कुमार पांडे, महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र साहू, महाप्रबंधक किशोर बुढा, सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी रिजवान खान, सहायक महाप्रबंधक सुधीर स्वर्णकार, सहायक महाप्रबंधक अजय नाथ सहित नारायण देशमुख तथा विभाग के अन्य कर्मचारीगण व ठेका श्रमिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मिक विभाग की ओर से सहायक प्रबंधक विजय कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी सुखचंद एवं रूहेल सिंह ने अपना योगदान दिया।

# अंतरराष्ट्रीय 'फायर इंडिया' एक्सपो में उत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुति हेतु संयंत्रकर्मी डॉ सोनटके हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक डॉ ए आर सोनटके ने हाल ही में आयोजित, 17 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'फायर इंडिया-2023' एक्सपो में शोध पत्र प्रस्तुत किया। यह सम्मेलन इंस्टीट्यूशन ऑफफायर इंजीनियर्स (इंडिया) के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 24 देशों के 350 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।




तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में विश्व भर के प्रख्यात वक्ताओं ने अपने तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए।

डॉ सोनटके द्वारा 'एडवांस टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन' के प्रथम तकनीकी सत्र में प्रस्तुत शोध-पत्र का शीर्षक था इनोवेटिव एलिवेटर डिजाइन: जीवन सुरक्षा के तकनीकी-कानूनी परिदृश्य में सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने हेतु 'इनोवेटिव एलिवेटर डिजाइन का विकास'। डॉ सोनटके ने लिफ्ट में शुरू की गई नवीनतम सुविधाओं और तकनीकी प्रगति के साथ-साथ लिफ्ट के उपयोग, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी सुविधाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने दुर्घटनाओं के कारणों और लिफ्टों से संबंधित वैधानिक प्रावधानों पर भी चर्चा की और वर्तमान लिफ्ट सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली में आवश्यक सुधार और स्मार्ट एआई-आधारित तकनीकों की आवश्यकता का सुझाव दिया।

भारत सरकार के 'अग्निशमन सेवाएं, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड' के महानिदेशक ताज हसन ने आईएफई (आई) के अध्यक्ष पी के राव व अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में सम्मेलन का उदघाटन किया। ओएनजीसी के सीजीएम संजीव कपूर व गोवा अग्निशमन सेवा के निदेशक नितिन रायकर ने सत्र की अध्यक्षता की, जहाँ डॉ ए आर सोनटके ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आईएफई (आई) के महानिदेशक डॉ. यू.एस. छिल्लर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस 3-दिवसीय सम्मेलन के दौरान औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन, ऊंची इमारतों, लिफ्टों, एस्केलेटर, जोखिम शमन, आपदा प्रबंधन, स्थिरता और चुनौतियों, कोड, मानकों और प्रमाणन आदि में सुरक्षा डिजाइनिंग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी।

# भिलाई बिरादरी द्वारा गजल सम्राट जगजीत सिंह को पुण्यतिथी पर स्वरांजली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा विख्यात गजल गायक स्व. जगजीत सिंह जी की 12वीं पुण्यतिथि पर 10 अक्टूबर को संध्या 7.30 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में स्वरांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

खचाखच भरे कलामंदिर के इस आयोजन में इस्पात बिरादरी के सदस्यों ने गज़ल सम्राट स्व. जगजीत सिंह को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस आयोजन में विषेष अतिथि के रूप में संयंत्र के कार्यपालक निदेषक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेषक पवन कुमार, कार्यपालक निदेषक बिपिन कुमार गिरी तथा मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सेफी चेयरमेन तथा ओए के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, महाप्रबंधक सुरज कुमार सोनी, महाप्रबंधक एच शेखर, महाप्रबंधक प्रषान्त तिवारी, महाप्रबंधक के के यादव तथा सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित विषेष अतिथियों एवं कलाकारों का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया।

इस आयोजन में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन कलाकार प्रभंजय चतुर्वेदी सहित अंजली शुक्ला तिवारी ने अपनी आवाज में जगजीत सिंह और चित्रा सिंह द्वारा गाए गए चुनिंदा गजलो के माध्यम से उन्हें अपनी आदरांजलि अर्पित की। संगतकार के रुप में विशेष रूप से मुंबई से समीर कर्मकार वायलिन पर संगत की। साथ ही तबले पर भालचंद्र शेगेकर, रामचंद्र सरपे, बांसुरी पर दुष्यंत हरमुख, की बोर्ड पर दिलीप शर्मा, ओक्टोपेड पर दीपांकर दास, देबब्रत मजुमदार, ढोलक पर भागवत साहू ने संगत दी।

इस अवसर पर भिलाई अंचल तथा आसपास के कई ख्याति प्राप्त कलाकार उपस्थित थे, जिनमें श्री अवनिन्द्र शिवलिकर, दीपेन्द्र हलदार तथा खैरागढ़ से सुरेष भट्ट शामिल है। इसके साथ ही इस संगीतमयी स्वरांजलि कार्यक्रम में भारी संख्या में संगीतप्रेमी दर्षकगण उपस्थित थे। यह कार्यक्रम बहुत ही रोचक तथा आनंदमय था। कार्यक्रम का संचालन डॉ सोनाली चक्रवर्ती ने किया।

# रविवार के दिन दस हज़ार से अधिक परिवार पहुंचे ठगड़ा बांध, सेल्फी और जायके का लिया आनंद

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत ठगड़ा बांध ( माधो वाटिका ) एक खूब सूरत बांध में चलता नौका में ठंडी हवाओं के बीच सवार लोगो ने सेल्फी व खूब मजा लेते दिखाई दिये, इस अवसर पर डीएसएस ग्रुप से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि रविवार अवकाश के दिन दुर्ग -भिलाई के अलावा जिलेभर से लोगो ने अपने परिवार के साथ ठगड़ा बांध पहुँचे, जहाँ लोगो ने अपने परिवार के साथ छत्तीसगढ़ संस्कृति की झलक वाली मूर्तियो को निहारते रहे, सेल्फी लेने के लिए लोगो का हुजूम उमड़ पडा।



जिलेभर से आये लोगो ने कहा खूब लुभा रही है ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट,जहाँ घूमना खेलना, मनोरंजन के साथ साथ मनमोहक फुहारे,फुड जोन में दुकानों में लगे खाने पीने की चीजें को स्वादिष्ट बताया। बता दे कि ठगड़ा बांध माधो वाटिका में मॉर्निंगवॉक प्रेमियों के लिये खुशखबरी है! ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट में मॉर्निंगवॉक व योग निशुल्क तीन माह के लिए निर्णय लिया गया हैं ताकि अधिक से अधिक लोग आनंद ले सके।तीन माह तक निशुल्क मॉर्निंग वॉक व योगा कर सकेंगे,मॉर्निंग वॉक करने वालो को निशुल्क प्रवेश पास दिया जाएगा। मॉर्निंग वॉक 9 बजे के बाद से बांध में आने वालों से 10 रुपये टिकट लगेगा।जहां ठगड़ा बांध माधो वाटिका आमजन को बोटिंग शुल्क 100 रुपये से कम कर 80 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

ठगड़ा बांध बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनने के साथ ही मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक करने वाले नागरिकों के लिए एक नया आकर्षण केंद्र है।जहां आमजन बोटिंग,चिल्ड्रन पार्क,सॉफ्ट प्ले जोन,फूड कोर्ट एवं उद्यान के साथ ही हर सप्ताह नवीन इवेंट्स का लुफ्त उठा रहें है।

बांध की बाउंड्रीवाल को आकर्षक रंग से रंगने के साथ ही आकर्षक चित्रकारी से इसकी खूबसूरती देखते ही बन रही है।बता दे रविवार के दिन जिलेभर से 10 हज़ार से अधिक परिवार पहुँचे जहाँ सेल्फी और जायके का खूब आनंद लेते रहे। आयुक्त ने माधो वाटिका में नागरिको को ओर भी अच्छी सुविधा देने के निर्देश दिए।यह भी देखा गया कि आकर्षक चित्रकारी के साथ ही मूर्तियां से लोगों को अलग-अलग संदेश देने वाली तो हैं,लोगो ने अपना फीडबैक में ठगड़ा बांध की खूबसूरती को देखकर काफी सराहना की है। शहर एवं जिले वासियों को पिकनिक स्पॉट पर रंगबिरंगी खूबसूरत लाइटिंग के साथ बांध लोगो को खूब लुभा रही है। बच्चों के मनोरंजन का भी ध्यान रखा गया है जिसमे बच्चे मस्ती करते रहें। परिवार के साथ बांध में पहुँचे लोग जहां देखो मस्ती करते हुए सेल्फी लेते नजर आये।

# इस्पात नगरी में डेंगू सर्वे का अभियान निरन्तर है जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से डेंगू नियंत्रण हेतु वृहद सर्वेक्षण, लार्वानाशी के नि:शुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान विगत कई महीनों से लगातार चलाया जा रहा है। डेंगू के सर्वे में लगी हुई टीम के सदस्यों द्वारा सेक्टर-04, 06, 07, 08 के साथ ही पूरे टाउनषिप में सघनता के साथ जांच कार्य किया जा रहा है। साथ ही सेक्टरों में फागिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग एवं दवाओं के स्प्रे का कार्य भी द्रुतगति से किया जा रहा है जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। 10 अक्टूबर के रिपोर्ट के अनुसार इस्पात नगरी के कुल 2308 घरों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें से 1942 पात्रों, कूलर और



अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफ भी करवाया गया। सर्वेक्षण अभियान में लार्वा पाए गए 121 घरों में दवाओं का छिड़काव किया गया। इस सर्वेक्षण अभियान के तहत 130 घरों में स्प्रे किया गया तथा 965 घरों में टेमीफॉस दवाई का वितरण किया गया। इसके तहत घरों में पानी जमा होने वाले स्थानों की जांच की जा रही है और दवाई का छिड़काव, नालियों में ऑइलिंग तथा आम जनता को माईकिंग तथा पॉम्पलेट वितरण कर डेंगू के प्रति सजग किया जा रहा है।

इस अभियान के माध्यम से भिलाई टाउनषिप के सभी नागरिकों को डेंगू की बीमारी और डेंगू पैदा करने वाले मच्छरों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। मच्छरों से होने वाली अन्य बीमारियों के बारे में भी जनता को सजग किया जा रहा है। अपने घर के आस-पास बारिष के दिनों में किसी भी तरह का पानी जमा न होने दें। अधिक दिन पानी जमा रहने से मलेरिया, डेंगू जैसे मच्छरों से होने वाली बीमारियां उत्पन्न होने का भय बना रहता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950